RNI No. CHHHIN/2009/35020



नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 326 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 21 सितंबर 2023

पेज -4 पर महिला आरक्षण बिल लाना ऐतिहासिक निर्णय और ...

जनसंपर्क के माध्यम से भूपेश सरकार की योजनाओं को चौलेश्वर चंद्राकर घर-घर... पेज -8 पर

# एक्सिस बैंक डकैती मामले में 24 घंटे के भीतर रायगढ़ पुलिस को मिली अभूतपूर्व सफलता

## पुलिस कंट्रोल रूम को आईजी अजय यादव और डीआईजी रामगोपाल गर्ग के बना रखा था वार रूम

**सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ पुलिस की पीठ थपथाई**

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

एक्सिस बैंक में हुई डकैती मामले में रायगढ़ पुलिस को 24 घंटे के भीतर अभूतपूर्व सफलता हाथ लगी है । रायगढ़ पुलिस टीम ने मामले में शत प्रतिशत बरामदगी करते हुये शेरघाटी गैंग बिहार के 5 डकैतों को कैश, गोल्ड, हथियार एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक, क्रेटा वाहन के साथ हिरासत में लिया गया है । कल दिनांक 19 सितंबर 2023 की सुबह रायगढ़ जिले के ढिमरापुर रोड़ स्थित एक्सिस बैंक में हथियारबंद आरोपियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिए जाने की सूचना मिलते ही रायगढ़ रेंज डीआईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार व जिले के अन्य पुलिस अधिकारीगण वारदात स्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया गया । तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा जिले में नाकेबंदी लगवाई गई और सीमावर्ती जिलों से भी जानकारी साझा कर नाकेबंदी और आरोपियों की पतासाजी के पाइंट दिये गये । मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं आईजी बिलासपुर अजय यादव तथा डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा कमान संभालते हुये अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया गया एवं आईजी अजय यादव द्वारा अन्य जिलों से काबिल अधिकारियों की टीम बुलाई गई । एसएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में सर्चिंग एवं नाकाबंदी के लिए पृथक-पृथक टीमें बनाई गई । नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय को सम्पूर्ण जिले में नाकेबंदी एवं हॉटल, लॉज में बाहर से आये हुये व्यक्तियों के डाटाबेस जांच का कार्य दिया गया । एसडीओपी दीपक मिश्रा द्वारा सायबर, टावर डम्प/टेक्निकल एनालिसिस, ह्यूमन इंट संकलन का कार्य सौंपा गया । आईजीपी अजय यादव के निर्देशन पर रेंज से एडिशनल एसपी कोरबा



अभिषेक वर्मा, टीआई अभिनव कांत सिंह, राकेश मिश्रा, एसआई प्रभाकर तिवारी, सागर पाठक, एएसआई हेमंत आदित्य, कांस्टेबल डेमन ओग्रे सायबर सेल कोरबा ने भी तत्काल रायगढ़ पुलिस के मिशन को ज्वाइन किया । सभी को अलग-अलग कार्य सौंपते हुए अधिकारियों द्वारा टीम को ब्रीफ किया गया । दूसरी ओर जिले के लॉज, ढाबा, टोल नाका की सघन जांच, पूर्व में लूट डकैती में शामिल आरोपियों की जांच पतासाजी में अलग-अलग टीमें लगी हुई थी ।

जांच में जुटी टीम द्वारा एक्सिस बैंक के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चेक कर अपनी जांच को आगे बढ़ाया जा रहा था जिसमें पाया गया कि घटना को अंजाम देने हेतु आरोपियों द्वारा पूर्व से रेकी की जा रही थी तथा वारदात को अंजाम देने का समय भी सुबह का चुना गया जिसे कई दिनों से आरोपियों द्वारा बैंक कर्मियों के मूव्हमेंट को वॉच किया जा रहा था तथा वारदात को अंजाम देने पश्चात भागने के लिये भी पहले ही मार्ग का चयन कर रखे थे । फुटेज खंगालने पर पता चला कि संदेही द्वारा बाइक से एक्सिस बैंक से ढिमरापुर की ओर लगातार दो-तीन बार मूव्हमेंट किये हैं और एक बैग को वापस कहीं छोड़कर फिर बगैर बैग के वापस आते दिखे जिसे आगे सीसीटीवी चेक कर मिलान करने पर एक संदिग्ध क्रेटा कार जे.एच. 01ङ्कएफ.ई 8641 की जानकारी मिली जो कि आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई । जिसकी पुष्टि ग्राम बनहर नहर में लावारिस हालत में मिले मोटरसाइकिल से हुई । मोटर सायकल में फर्जी नंबर का स्टिकर लगा हुआ था, चेचिस नंबर के आधार पर लावारिस मोटरसाइकिल के झारखंड सिमडेगा थाना क्षेत्र का होना पाया गया जिसके वाहन स्वामी से संपर्क करने पर वाहन स्वामी द्वारा वाहन की पहचान की गई । बनहर नहर से आगे आरोपियों के भागने के संभावित रास्तों का पता लगाते हुए टीम पीछा कर रही थी ।

वहीं टोल नाके पर आरोपियों के एग्जिट और एंट्री की जानकारी जुटा रही टीम ने टेक्निकल डाटा एनालिसस पर पाया कि आरोपीगण पूर्व में 11 सितंबर को रायगढ़ से उड़ीसा गये और फिर 18 सितंबर को उड़ीसा रोड से रायगढ़ में दोबारा प्रवेश किया । आरोपियों के मूवमेंट को ट्रैक करते हुए आगे बढ़ रही टीम द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी साझा किया जा रहा था । इसी दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपियों के मिले फूटेज और ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर उनके भागने के सम्भावित रास्तों को चिन्हिंकित कर झारखंड, बिहार और उड़ीसा के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया गया जिसमें आरोपियों के बिहार-गया के शेरघाटी गैंग के होने की जानकारी प्राप्त हुई ।

शेष पृष्ठ 3 पर......

- ☛ *वारदात में शामिल बिहार गया शेरघाटी गैंग के 5 आरोपी हिरासत में*
- ☛ *बैंक से लूट की गई 5 करोड़ 62 लाख के कैश और ज्वेलरी रिकवर*
- ☛ *एसपी बलरामपुर लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में नाकेबंदी पर लगी टीम ने देर रात क्रेटा कार और ट्रक से झारखंड भाग रहे आरोपियों को पकड़ा*

### घटना में ये थे शामिल

1. निशांत कुमार उर्फ पंकज महतो (32) झारखंड
2. राकेश गुप्ता (21) बिहार
3. अमरजीत कुमार दास, बिहार (क्रेटा मालिक)
4. नीलेश रविदास (26) रांची
5. सुनील पासवान (35) रांची
6. उपेंद्र राजपूत (50)कदौनी, बिहार
7. राहुल दास (28)
8. अमित रविदास (40) बिहार
9. पवन कुमार (26) बिहार
10. विष्णु पासवान (45) बिहार

## एक नजर

### घर से 432 बोतल शराब बरामद

### पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों को अवैध शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी मकान में सैकड़ों बोतल शराब छुपा कर रखा था। जिसे खरोरा पुलिस ने पकड़ लिया। तो वहीं दूसरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। पहले मामले में खरोरा पुलिस को सूचना मिली कि पिचरी गांव में एक व्यक्ति अपने मकान से अवैध रूप से शराब बेचता है। जानकारी के बाद पुलिस ने उस मकान में रेड मारी। जहां आरोपी वीरेंद्र ध्रुव के पास 432 बोतल शराब मिली। पुलिस ने फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बरामद अवैध शराब को जब्त कर लिया है।

### निर्माणाधीन पानी भरे गड्ढे में गिरने से दो मासूमों की मौत

**रायपुर** । राजधानी में दो मासूमों की निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। घटना लाखेनगर के अश्वनी नगर रोड की है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक, अश्वनी नगर रोड पर एक निजी कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। सामने में ही पानी से भरा एक गड्ढा भी है जो पूरी तरह खुला हुआ है। आज दोपहर आवेश (11 वर्ष) और एमडी आबिद (12 वर्ष) खेलते-खेलते गड्ढे के पास जा पहुंचे। इस दौरान पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे।

# मसीही समाज ने विधानसभा चुनाव में मांगी पांच टिकट

**रायपुर।** लों से हर संभाग में एक एक टिकट मांगी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मसीही समाज ने किसी व्यक्ति विशेष को राजनैतिक पार्टी बनाने अधिकृत नहीं किया है, और न ही राज्य स्तरीय राजनैतिक पार्टी का गठन किया है। यह कुछ लोगों की निजी महत्वाकांक्षा है। मसीही समाज का इससे कोई लेना- देना नहीं है।

राजधानी में डॉ. डायमण्ड फिलस, जनरल सेक्रेटरी धमतरी





डिस्ट्रिक्ट क्रिश्चियन फोरम, राजीव कुरियाकोस प्रदेश अध्यक्ष ईसाई अधिकार संगठन व अतुल्य प्रशांत मसीह समन्वयक संयुक्त मसीही समाज राजनांदगांव,रेव्ह. राकेश प्रकाश अध्यक्ष व लोकेश डहरिया उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फैलोशिप दुर्ग अनुषा जोसफ सामाजिक कार्यकर्ता सेंट मेरीज चर्च रायपुर एवं विजय दादर अध्यक्ष संयुक्त मसीही सेवा समिति सरगुजा संभाग, डेविड मार्टिन जिलाध्यक्ष संयुक्त मसीही सेवा समिति कोरिया ने प्रेस वार्ता ली। उन्होंने कहा कि समाज की आवाज को राज्य एवं केंद्र सरकार तथा प्रशासन तक पहुंचाने के लिए टिकट की मांग की जा रही है। सत्ता एवं संगठन में मसीह समाज को जिले, संभाग, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व देने, मसीहियों को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने, हुक्का पानी बंद कर देना, सामाजिक बहिष्कार, धार्मिक-संवैधानिक अधिकारों का हनन पर न्याय देने, मृत देहों को उखाड़कर उनके साथ अमानवीय कृत्य किए जाने पर रोष जताया। मसीही नेताओं ने बताया कि शवों को दफनाने नहीं दिया जा रहा है, या फिर उखाड़कर फेंका या जलाया जा रहा है।

# जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## 2 नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया





**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा से बड़ी खबर सामने आई है. दरभा डिविजन के हार्डकोर नक्सलियों से नहाड़ी के जंगलों में पुलिस फोर्स की मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है. जंगलों में पुलिस का सर्चिंग अभियान अभी भी जारी है. एएसपी आरके बर्मन ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है. यह मामला अरनपुर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा के नहाड़ी में सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. इस मुठभेड़ में दो माओवादियों को पुलिस ने मार गिराया है. दोनों माओवादियों के शव को बरामद कर लिया गया है. एएसपी आरके बर्मन ने बताया अभी पुलिस पार्टी सर्च कर रही है. दरभा डिविजन के हार्डकोर नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर फोर्स को निकाला गया था. चैतू देवा जैसे हार्डकोर नक्सली मौजूद थे.

# स्वावलंबन की राहः महिला समूह तैयार कर रही हैं सेनेटरी पैड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए चौतरफा प्रयास किए जा रहे है। राज्य के गौठानों में आर्थिक क्रियाकलाप से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

इसी कड़ी में जशपुर जिले के ग्राम कुमेकेला में भी महिलाओं को स्व-रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एनआर.एल.एम. बिहान द्वारा सेनेटरी पैड तैयार करने का काम से जोड़ा गया है। इससे समूह को अच्छी आमदनी मिल रही है। समूह की महिलाएं आस-पास के गांवों में जाकर महिलाओं को शारीरिक स्वच्छता सेनेटरी पैड




उपयोग की समझाईश भी दे रही है। जशपुर जिले पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम कुमेकेला में मॉ दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण लेकर सेनेटरी पैड निर्माण शुरू किया गया है। इस पंचायत में 26 समूह गठित किए जा चुके हैं।

# टूलकिट केस, रमन सिंह और संबित पात्रा को बड़ी राहत, एफआईआर निरस्त

**बिलासपुर।** टूलकिट केस में पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दोनों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए हैं। ट्विटर पर पोस्ट किए गए टूल किट मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग करते हुए दायर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व भाजपा नेता संबित पात्रा की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए पूर्व सीएम डॉ. सिंह,



और संबित पात्रा के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए हैं। पूर्व सीएम डॉ. सिंह ने 18 मई 2021 को अपने ट्विटर अकाउंट पर एक पत्र पोस्ट किया था जिसमें दावा किया था कि देश का माहौल खराब करने के लिए कांग्रेस षडयंत्र कर रही है। विदेशी मीडिया में देश को बदनाम किया जा रहा है। पात्रा ने भी ऐसी ही पोस्ट ट्विटर पर डाली थी। युवक कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी, जिसके बाद डॉ. सिंह और डॉ. पात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इस एफआईआर को दोनों ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा था कि यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है,

दोनों पर कोई आपराधिक मामला नहीं बनता। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने आगे की पुलिस जांच पर रोक लगा दी थी। इस मामले में अंतिम सुनवाई मंगलवार को हुई। भाजपा नेताओं की तरफ से अधिवक्ता विवेक शर्मा और अभिषेक गुप्ता ने पैरवी की। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने भाजपा नेताओं का पक्ष रखा था।

टूल किट मामले में हाई कोर्ट के फैसले पर रमन सिंह का बड़ा बयान

# हथियार की तरह एफआईआर का प्रयोग करती है कांग्रेस-डॉ. रमन सिंह

**रायपुर।** टूल किट मामले में हाई कोर्ट के एफआईआर निरस्त किए जाने के फैसले को पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने महत्वपूर्ण करार दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एफआईआर का उपयोग हथियार की तरह करती है. कोरोना काल में मैने सोशल मीडिया में मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए कांग्रेस के विदेशी मीडिया का प्रयोग करने की बात कही थी. इस पर कांग्रेस के लोगों ने संबित पात्रा और मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था. न्यायालय ने फर्जी एफआईआर





को निरस्त कर दिया है.

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने निवास में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार अपराधी चला रहे हैं. जितने अधिकारी इस सरकार के हैं, सभी जेल में हैं. मुख्यमंत्री की निज सचिव जेल पर हैं, और मुख्यमंत्री बेल पर हैं. पीएससी की चयन सूची पर उच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई पर कहा कि कोर्ट ने पीएससी घोटाले ने फटकार लगाई है. उन्होंने कहा कि चार ङ्क चार लोगों का सलेक्शन डीएसपी के लिए हुआ है, जो एक ही परिवार के हैं, जिसमें चाचा, पिता सहित उनके परिवार का सदस्य हैं. लाखों लोगो के मन में इसको लेकर संदेह हुआ होगा. महिला बिल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक को मंजूरी दिलाई है.

वर्तमान में 67 लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी

# छत्तीसगढ़ में देश के तीन चौथाई लघु वनोपजों का संग्रहण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रोजगार, स्व-रोजगार, स्थानीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और उद्यमिता विकास को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। विगत साढ़े चार वर्षों में ग्रामीण तबकों और सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक इन योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले वनवासी एवं आदिवासियों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य



किए गए हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में देश का 74 प्रतिशत लघु वनोपज संग्रहित होता है। छत्तीसगढ़ में संग्राहकों के हित में लघु वनोपजों की संख्या में वृद्धि करते हुए 7 से बढ़ाकर वर्तमान में 67 लघु वनोपजों की खरीदी की



जा रही है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इसके परिणाम स्वरूप विगत साढ़े चार सालों में संग्राहकों की संख्या में भी 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है, वर्ष 2018-19 में संग्राहकों की संख्या 1.5 लाख थी, जो आज बढ़कर 6 लाख हो गई है।

*वर्ष 2021-22 में कुल 42 हजार मीट्रिक टन लघु वनोपजों की खरीदी की गई है, जबकि यह मात्रा वर्ष 2018-19 में 540 मीट्रिक टन थी। इस तारतम्य में प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री अनिल राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए मिलेट मिशन भी चलाया जा रहा है। इसके तहत समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी की जा रही है।*

# जी-20 में 'आत्मनिर्भर खादी' की 'ग्लोबल ब्रांडिंग' और प्रगति की नई कहानी

आजादी के अमृतकाल में 9 से 10 सितंबर तक राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम से राजघाट तक 'विश्व महाशक्तियों के महामंथन' से जो अमृत निकला है उसने विश्व और मानव कल्याण के लिए कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन भारत के लिए वैश्विक मंच पर अपनी सनातन संस्कृति, वैचारिक विरासत, आर्थिक शक्ति को प्रदर्शित करने के साथ 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को वैश्विक पहचान दिलाने का एक अवसर था और साथ ही ये अवसर था विश्व के सामने एक ऐसे रोडमैप का खाका खींचने का जिससे वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम कर ग्लोबल वार्मिंग को रोका जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता गांधी जी की विरासत और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की धरोहर खादी की जिस तरह से 'ग्लोबल ब्रांडिंग' की, स्वयं प्रदर्शनी में कारीगरों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन किया, उसने संपूर्ण विश्व को ये संदेश दिया है कि भारत की खादी को अब 'लोकल से ग्लोबल' होने से कोई रोक नहीं सकता है। 10 सितंबर की सुबह राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक पर विश्व नेता और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख जब पूज्य बापू को श्रद्धांजलि देने पहुंचे तो पूरी दुनिया एक अद्भुत तस्वीर की साक्षी बनी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 'खादी अंगवस्त्र' से जी-20 शिखर सम्मेलन में आए सभी विदेशी नेताओं का स्वागत कर रहे थे, साथ ही वो पृष्ठभूमि में लगी साबरमती आश्रम की उस तस्वीर



से भी विश्व नेताओं को परिचित करा रहे थे जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की अविस्मरणीय विरासत है। आजादी के बाद खादी को ऐसा मान-सम्मान पहले कभी मिला हो मुझे याद नहीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खादी ने चरखे पर 'मौन क्रांति' का जो ताना-बाना बुना है ये उसका जीता-जागता प्रमाण है।

मेरा मानना है कि हमारी राष्ट्रीय विरासत खादी की ये 'ग्लोबल लांचिंग' है और खादी की ग्लोबल लॉन्चिंग की इससे सुंदर, उत्तम और प्रभावशाली तस्वीर कोई हो भी नहीं सकती।

## 'खादी स्टॉल' बना रहा आकर्षण का केंद्र

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में 'खादी स्टॉल' भी विदेशी मेहमानों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। मैं स्वयं 8, 9 और 10 सितंबर को पूरे दिन वहां उपस्थित था। मैंने करीब से देखा कि खादी के प्रति देश ही नहीं, विदेश से आए मेहमानों में गजब का उत्साह है। विशेष रूप से 'मोदी जैकेट' के प्रति विदेशी मेहमानों का रुझान इस बात को प्रमाणित करता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी वैश्विक स्तर पर कितने लोकप्रिय हैं और उनकी 'ब्रांड शक्ति' ने कैसे खादी को नेक्स्ट लेवल पर पहुंचा दिया है। प्रदर्शनी की खास बात ये भी रही कि चरखे का 'सजीव प्रदर्शन' विदेशी मेहमानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कई मेहमानों ने चरखे पर सूत कातने का प्रशिक्षण लिया। कई ने चरखे के साथ सेल्फी लेकर भारत की इस विरासत को सदा के लिए अपने पास सजो लिया। ये वो तस्वीरें हैं जो आने वाली वैश्विक पीढ़ी के लिए भारत की 'आत्मनिर्भर खादी' का गौरव गान बनेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र से खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री पिछले वित्त वर्ष में 1.34 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। खादी की वैश्विक ब्रांडिंग भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और सतत् विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने में मदद करता है। यह खादी उद्योग के लिए भी एक प्रोत्साहन है, जो भारत के ग्रामीण क्षेत्र में लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र से खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री पिछले वित्त वर्ष में 1.34 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जबकि इसके माध्यम से 9.54 लाख से अधिक नए रोजगार का सृजन हुआ है। खादी कपड़ों की बिक्री में पिछले 9 वर्षों में 450 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल और खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 233 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है कि 'मोदी युग' में 'खादी क्रांति' ने बड़े पैमाने पर भारतीय जनमानस को भीतर तक प्रभावित किया है और अब 'नए भारत की नई खादी' वैश्विक मंच पर आत्मनिर्भर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार है।

> पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खादी ने चरखे पर 'मौन क्रांति' का जो ताना-बाना बुना है ये उसका जीता जागता प्रमाण है। मेरा मानना है कि हमारी राष्ट्रीय विरासत खादी की ये 'ग्लोबल लॉन्चिंग' है।

## खादी 'आत्मनिर्भर भारत' का प्रतीक

खादी हमारी विरासत है। खादी 'आत्मनिर्भर भारत' का प्रतीक है। खादी हमारी आन-बान और शान है। जी-20 शिखर सम्मेलन में गरीब की खादी विश्व नेताओं की शोभा बनी ये खादी जगत् के लिए अभिमान है। सम्मेलन के लिए राजधानी दिल्ली को जिस तरह से सजाया संवारा गया, वो नए भारत की तस्वीर है। पूरे कार्यक्रम के दौरान दिल्ली वालों ने जिस तरह से माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील पर विदेशी मेहमानों का दिल खोलकर स्वागत किया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। देश के सबसे बड़े कार्यक्रम को सफल बनाने में जनता की ये भागीदारी देश के नेतृत्व पर उनके भरोसे को दर्शाती है। इस आयोजन ने दुनिया भर में 'हाथ से करते और हाथ से बुने' खादी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसे एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल वस्त्र के रूप में बढ़ावा देने में मदद की है।

मनोज कुमार

## संपादकीय

### गारंटियों का चुनावी दांव

प्रश्न यह है कि प्रत्यक्ष लाभ देने के बाद क्या राजकोष में इतना धन बचेगा, जिसका निवेश मानव विकास के दूरगामी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए किया जा सके? आज की सियासी होड़ में ऐसे सवाल हाशिये पर धकेल दिए गए हैं।

कांग्रेस ने हैदराबाद में हुई अपनी कार्यसमिति की बैठक के तुरंत बाद तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की औपचारिक शुरुआत कर दी। हाल की अपनी चुनावी रणनीति के तहत पार्टी ने तेलंगाना के मतदाताओं के सामने छह गारंटियों का वादा रखा। चूंकि ऐसा वादा कर्नाटक में कामयाब रहा था और पार्टी ने सत्ता में आते ही तुरंत उन पर अमल कर दिया, तो इस पड़ोसी राज्य में पार्टी के पास विश्वसनीयता का आधार भी मौजूद है। कांग्रेस नेताओं ने राज्य के लोगों से कहा है कि वे चाहें तो कर्नाटक में पार्टी ने जो किया, उस पर ध्यान दे लें। गारंटियों का सार मोटे तौर पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण है। यानी ऐसे लाभ जो सबको तुरंत नजर आते हैं। चुनाव जिताने के लिहाज से ऐसे वायदे कारगर साबित हुए हैं। अरविंद केजरीवाल से लेकर भाजपा तक ने इस मॉडल से सफलताएं हासिल की हैं। लेकिन अगर देश की जड़ों के मजबूत होने और भविष्य निर्माण के नजरिए से देखें, तो यह तरीका समस्याग्रस्त है। खुद कांग्रेस के डेटा एनालिसिस डिपार्टमेंट के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने हाल में एक संवाद में कहा था कि ऐसे लाभ महज दर्द निवारक हैं। यानी यह रोग का इलाज नहीं हैं। रोग ऐसी उत्पादक अर्थव्यवस्था का निर्माण है, जिसमें रोजगार के अवसर पैदा हों। सिर्फ तभी देश में सर्वांगीण विकास हो सकता है। इलाज के दौरान दर्द निवारकों की जरूरत पड़ती है।

# संसद से सड़क तक बदलेगी छवि, समाज के अन्य तबकों को भी मिलेगी प्रेरणा

> सरकार संसद में महिला आरक्षण विधेयक ला रही है। यह विधेयक पारित हो जाता है, तो देश और समाज की तस्वीर बदल जाएगी। इससे महिलाओं के बारे में यह बनी-बनाई धारणा टूट जाएगी कि घर-गृहस्थी के अलावा वे और क्या कर सकती हैं। यों भी देश के सर्वोच्च पद पर एक महिला ही विराजमान हैं।

आज महिलाएं दफ्तरों में, बाजारों में, हवाई अड्डों पर, फिल्म, टीवी और रेडियो पर बड़ी संख्या में नजर आती हैं। उन्हें यह ताकत हमारे लोकतंत्र और शिक्षा ने दी है। मीडिया से भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला है। महिलाओं को वोट देने का अधिकार हमारे यहां शुरू से है, जबकि अमेरिका में वोट देने के अधिकार के लिए महिलाओं को सत्तर वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा था। हर राजनीतिक दल आज महिला शक्ति को पहचानता है, इसलिए अपने-अपने घोषणा पत्रों में वह इनके लिए तरह-तरह के वादे करता है। 27 साल पहले महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किया गया था। इस दौरान अनेक सरकारें आई-गईं, मगर यह



विधेयक पारित नहीं हो सका। यदि यह सरकार इसमें कामयाब हो जाती है, तो यह न केवल एक बड़ी उपलब्धि होगी, बल्कि नरेंद्र मोदी इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लेंगे। आमतौर पर इस सरकार पर महिला विरोधी होने का ठप्पा लगाया जाता रहा है। लेकिन मोदी सरकार की तमाम योजनाओं में महिलाओं को भरपूर प्राथमिकता मिली है। अचल संपत्ति न होने के कारण महिलाओं को कमजोर माना जाता था। लेकिन सरकार जो मकान गरीबों को दे रही है, वे महिलाओं के नाम ही होते हैं। महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर स्टांप ड्यूटी में छूट मिलती है। इस विधेयक के आने के बाद पूरा राजनीतिक परिदृश्य बदलने वाला है।


इसके अलावा सामाजिक स्थिति में भी महिलाओं को और अधिक प्राथमिकता मिलने वाली है। वैसे भी पिछली यानी कि 17वीं लोकसभा में सबसे ज्यादा 78 महिला सांसद लोकसभा में पहुंची थीं। इस विधेयक के पारित होने के बाद तो हर पार्टी को 33 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देना ही होगा। कोई भी जीते या हारे, आरक्षित सीटों पर महिलाएं ही संसद में पहुंचेंगी। इससे चुनावों के दौरान और बाद में परिदृश्य बेहद रोचक और महिलाओं की ताकत बढ़ाने वाला होगा। बड़ी संख्या में महिलाएं संसद में होंगी। वही कानून बनाएंगी और अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में जाकर उनके फायदे गिनाएंगी। इससे यह धारणा भी टूटेगी कि औरतों को राज-काज से भला क्या मतलब!

महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या उनके दिखाई देने या विजिबिलिटी की है। यह छवियों की दुनिया है। उसी से भला-बुरा तय होता है। महिलाएं संसद में अधिक संख्या में होंगी, हर पल दिखेंगी, तो समाज के अन्य तबकों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। पहले की तरह अगर कुछ ओबीसी नेता इसमें अपने वर्ग के लिए अलग से आरक्षण की मांग करते हैं, तो भी कुछ बुरा नहीं होगा। चाहे किसी वर्ग से कोई महिला आए, होगी तो वह महिला ही और इससे अंततः महिलाओं का ही भला होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के बारे में कहा जाता है कि वह महिलाओं में बहुत लोकप्रिय हैं। महिलाएं बड़ी संख्या में उन्हें वोट देती रही हैं।

## मिला जुला

# पीएम मोदी ने जॉइन किया वॉट्सऐप चैनल, पहले मैसेज में शेयर की संसद भवन की तस्वीर




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 सितंबर को वॉट्सऐप चैनल से जुड़ गए। उन्होंने चैनल में अपने पहले मैसेज में लिखा, 'वॉट्सऐप कम्युनिटी से जुड़कर रोमांचित हूं! यह निरंतर बातचीत की हमारी यात्रा में एक और कदम है। आइए यहां जुड़े रहें ! यहां नए संसद भवन की एक तस्वीर है...। रात 11 बजे तक प्रधानमंत्री के वॉट्सऐप चैनल को 3.74 लाख से ज्यादा लोगों ने फॉलो कर लिया है। वॉट्सऐप ने हाल ही में यह फीचर रोलआउट किया है। यह फीचर वॉट्सऐप यूजर्स को वन-वे ब्रॉडकास्ट चैनल शुरू करने और बड़ी संख्या में लोगों से जुड़ने की अनुमति देता है।

### इमोजी के जरिए दे सकते हैं प्रतिक्रिया

वॉट्सऐप चैनल के फॉलोअर्स के तौर पर आप मैसेज नहीं भेज सकते हैं। हालांकि इमोजी के जरिए रिएक्ट कर सकते हैं। प्रतिक्रियाओं की कुल संख्या को भी देख सकते हैं। आप कौन सी इमोजी के जरिए प्रतिक्रिया दे रहे हैं, यह चैनल के फॉलोअर्स को नहीं दिखाई देता है।

### मैसेज के साथ चैनल का लिंक भी होता है फॉरवर्ड

जब आप किसी वॉट्सऐप चैनल के मैसेज को फॉरवर्ड करते हैं तो उसके साथ उस चैनल का लिंक भी शेयर होता है। उस लिंक के जरिए यूजर्स उस चैनल को एक्सेस और जॉइन कर सकते हैं।

## कनाडा से तनाव के बीच संसद में की मीटिंग

# पीएम मोदी से मिले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

कनाडा के साथ तनाव चरम पर पहुंचने के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर के कनाडा में मारे जाने को लेकर जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाया था कि उसकी एजेंसियों का इससे लिंक है। यही नहीं कनाडा ने एक भारतीय अधिकारी को देश से बाहर निकलने का आदेश दिया था और फिर भारत ने भी उसके एक खुफिया अफसर को निकलने को कह दिया।



### बलोच की मौत हुई तो पाक पर चुप रहा कनाडा, निज्जर मरा तो भारत को घेरा

हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में ही एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना जून में हुई थी, लेकिन तनाव करीब तीन महीने बाद बढ़ा है। माना जा रहा है कि कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी तत्वों के दबाव में जस्टिन ट्रूडो ने यह रुख अपनाया है और भारत पर कनाडाई नागरिक की हत्या का आरोप मढ़ा है। वहीं भारत ने उनके आरोपों को बेहूदा और मनगढ़ंत बताते हुए आरोप लगाया कि वह खालिस्तानी तत्वों को बढ़ावा देते रहे हैं। गौरतलब है कि जी-20 समिट में आए जस्टिन ट्रूडो से पीएम नरेंद्र मोदी ने भी दोटूक कहा था कि आपको अपनी धरती पर सक्रिय भारत विरोधी तत्वों पर लगाम कसनी होगी।

इस मामले को लेकर पहली बार दोनों देशों के बीच तनाव इस कदर बढ़ गया है। ऐसे में जयशंकर और पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात अहम है। दोनों नेताओं की यह मुलाकात संसद भवन में ही हुई है।
माना जा रहा है कि सरकार की ओर से इस मामले में संसद में बयान भी दिया जा सकता है। शायद इसी को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। हालांकि सरकार ने इसे लेकर अब तक आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। इससे पहले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने संसद में बयान देकर कहा था कि उनकी सरकार के पास विश्वसनीय जानकारी है कि भारत सरकार के एजेंटों की निज्जर की हत्या में भूमिका रही है। इसी को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा

# सोनिया बोलीं- फौरन लागू किया जाए

**संसद** के विशेष सत्र का बुधवार 20 सितंबर को तीसरा दिन है। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पर डिबेट जारी है। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सदन को बिल के बारे में बताया। उनके बाद कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने 10 मिनट तक अपनी बात कही।



सोनिया ने कहा, कांग्रेस की मांग है कि बिल को फौरन अमल में लाया जाए। सरकार को इसे परिसीमन तक नहीं रोकना चाहिए। इससे पहले जातिगत जनगणना कराकर इस बिल में SC-ST और OBC महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए।

NCP सांसद सुप्रिया सुले और स्कसांसद डिंपल यादव ने भी बिल में OBC महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सुप्रिया ने कहा कि सरकार बड़ा दिल करके बिल में SC, ST और OBC महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था करे। वहीं, SP सांसद डिंपल यादव ने कहा कि बिल में OBC और अल्पसंख्यक महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाना चाहिए।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी इस बिल के लिए क्रेडिट लेना चाहती हैं।

सोनिया ने कहा, स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा।

### लेंस्की बोले- रूस आतंकी, बच्चों को हथियार बना रहा

न्यूयॉर्क। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को ह जनरल असेंबली को संबोधित किया। उन्होंने कहा- ये जंग सिर्फ यूक्रेन नहीं बल्कि पूरी दुनिया की है। इसके लिए सभी देशों को मिलकर रूस के खिलाफ लड़ना होगा। रूस पूरी दुनिया को आखिरी जंग की तरफ धकेल रही है। हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि रूस की इस जंग के बाद दुनिया में कोई भी देश किसी पर हमला न कर सके।

### रास्ते में गड्ढे-गंदगी देख हुए नाराज, जोनल अधिकारी हटे, सुपरवाइजर निलंबित



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यक्रम में मंगलवार को शामिल होने देवा रोड गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मटियारी चौराहे के पास जगह-जगह गड्ढे मिले तो सड़क किनारे जलभराव भी था। पूर्व जानकारी के बाद भी सफाई नहीं हुई थी और आसपास कूड़े के ढेर मिले। यह मामला उच्च स्तर पर गंभीरता से लिए जाने के बाद अधिकारी हरकत में आ गए। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के अलावा लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। नगर आयुक्त ने लापरवाही करने पर नगर निगम जोन सात में तैनात अवर अभियंता अरुण मेहता और सफाई निरीक्षक देवेंद्र वर्मा खिलाफ विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की है तो सुपरवाइजर अवधेश को निलंबित कर दिया।

## एक नजर

### अधीर रंजन चौधरी का दावा- संविधान की प्रस्तावना से हटाए गए 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' शब्द, सरकार ने बताई सच्चाई



नई दिल्ली. लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया है कि भारत के संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटा दिए गए हैं. समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए चौधरी ने दावा किया, 'संविधान की जो नई प्रतियां आज (19 सितंबर) हमें दी गईं, जिसे हम हाथ में लेकर नए संसद भवन में प्रवेश कर गए, उसमें प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं हैं.' अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि भले ही 1976 में एक संशोधन के बाद इन दो शब्दों को प्रस्तावना में शामिल किया गया था, लेकिन आज कोई हमें संविधान की प्रति देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता का विषय है. कांग्रेस नेता ने सरकार पर सवार उठाते हुए कहा, 'उनकी मंशा संदिग्ध है. यह बड़ी चतुराई से किया गया है.

# डेंगू नियंत्रित करने तत्काल फील्ड पर उतरें अधिकारी-कर्मचारी-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

* कलेक्टर ने कहा नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि, नहीं चलेगी कोई लापरवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



डेंगू के बढ़ते मामलों के नियंत्रण को लेकर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सभी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू नियंत्रण के कार्य के लिए दिए निर्देशों का गंभीरता से पालन नहीं करने को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ पर कड़ी नाराजगी जताई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि डेंगू महामारी से निपटने के लिए सभी मोर्चों पर युद्धस्तर पर कार्य होना चाहिए। सभी की जिम्मेदारियां अहम और सभी को साझा रूप से प्रयास करने होंगे। जिससे शहर में स्थिति बेहतर हो। कलेक्टर सिन्हा ने साफ .सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त नगर निगम को पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक प्रभावित क्षेत्रों के घर-घर में टीम द्वारा जांच करवाने और दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि डेंगू के मामले नियंत्रित करने के लिए लार्वा का सोर्स रिडक्शन करना सबसे महत्वपूर्ण है। मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों को वार्डों में सर्वे की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने चालानी कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने नगर निगम के सफाई प्रभारी को बैठक में बुलाकर अतिरिक्त कर्मचारी लगाते हुए सभी प्रभावित इलाकों में कचरे का उठाव और नालियों की सफाई तुरंत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू मरीजों के संबंध में उपचार को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन को निर्देश दिए एवं दवाइयों के पर्याप्त इंतजाम रखने के लिए कहा। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवीन तहसील भवनों के साथ स्कूल भवनों की मरम्मत का काम तेजी से करने के लिए कहा। आश्रम छात्रावासों के माहवार निरीक्षण के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कलेक्टर सिन्हा ने जारी किया कारण बताओ नोटिस



## धान खरीदी की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

कलेक्टर सिन्हा ने धान खरीदी की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने किसान पंजीयन के बारे में जानकारी लीए साथ ही खरीदी केंद्रों में जरूरी इंतजामों को लेकर भी समीक्षा की। उन्होंने इसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र में खरीदी केंद्रों में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निर्देशित किया।

# वायुसेना के अधिकारियों ने युवाओं को दी अग्निवीर भर्ती कैरियर मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के प्रयासों से जिला रोजगार कार्यालय एवं मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़.सारंगढ़ के अधीन वायुसेना के भोपाल कार्यालय द्वारा सारंगढ़ के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एयरफोर्स पब्लिसिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत अग्निवीर भर्ती कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। वायुसेना के अधिकारियों का स्वागत एनसीसी के गाइड लाइन के अनुसार सलामी और विशेष तालियों से किया गया। इसके साथ.साथ मार्चपास्ट के साथ आगमन और विदाई भी की गई। दोनों स्कूलों में 300 से अधिक स्कूली,छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वायुसेना भोपाल के सार्जेंट द्वय राकेश कुमार, वीके सिंह और कार्पोल सोवन जेना ने स्कूली छात्र-छात्राओं को भारतीय सेना के तीनों अंग.वायुसेना, थल सेना और नौसेना के बारे में प्रारंभिक जानकारी दी। वायुसेना के इन अधिकारियों द्वारा युवाओं को अग्निवीर भर्ती के लिए योग्यता, कोर्स, एनसीसी के अंक से फायदा, सेना के वेबसाइट में भर्ती के लिए कैसे आवेदन करना है, भर्ती के विभिन्न स्टेज जैसे-दौड़, लिखित परीक्षा, मेडिकल परीक्षण आदि के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सेना में भर्ती के सबसे ज्यादा आवेदन इस जिले से आना चाहिए। साथ ही साथ युवाओं को सेना के बारे में प्रश्न किए गए और उत्तर देने वाले युवाओं को बेस्ट कैंडेट का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय एवं मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़.सारंगढ़ प्रभारी अधिकारी रामजीत राम, सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार, शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रकाश जायसवाल और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुरेशराम बैरागी उपस्थित थे।



# कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां की निरस्त

सभी को डेंगू नियंत्रण के लिए फील्ड में उतरने के दिए निर्देश

साफ-सफाई, डेंगू लार्वा सोर्स रिडक्शन और जन जागरूकता के काम मिशन मोड में करने के लिए कहा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

डेंगू के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। जो लोग अवकाश पर गए हैं उन्हें तत्काल लौटने के लिए कहा गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा है कि डेंगू नियंत्रण के लिए सभी मोर्चों पर युद्धस्तर पर कार्य होना चाहिए। अधिकारी-कर्मचारी फील्ड पर नजर आएं। उन्होंने आयुक्त नगर निगम तथा सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था, दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग के साथ डोर टू डोर जन जागरूकता अभियान और डेंगू का सर्वे का काम पूरी क्षमता से किया जाना है। नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है, इसमें किसी भी तरीके की लापरवाही नहीं चलेगी।

## युवा वर्ग शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में दो सौ युवा शामिल हुए

**नगरी** ।किसी भी समाज के विकास का केंद्र बिंदु विद्यालय है। यदि समाज विद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षा के प्रति जागरूक है तो समाज का विकास तय है। इसी बात को ध्यान में रखकर मगरलोड विकासखण्ड के सिंगपुर में स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय से युवाओं ने जुड़ने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम माँ भी स्कूल आएगी में पांच सौ माताओं ने अपनी उपस्थिति देकर बच्चों की शिक्षा दीक्षा में माँ की भूमिका को जाना समझा और विद्यालय को सहयोग करने का संकल्प लिया। अब इसी कड़ी में लगभग दो सौ युवाओं ने विद्यालय द्वारा आयोजित युवा वर्ग शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यालय को बेहतर बनाने का संकल्प लिया इस शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा युवाओं को आह्वान किया गया कि वे विद्यालयीन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लें। युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग खेलकूद,नृत्य संगीत,स्वास्थ्य एवम स्वच्छता , शैक्षिक गोष्ठी,परामर्श बैठक, टी एल एम निर्माण,सामाजिक जागरूकता के लिए रैली ,आदि के आयोजन में कर सकते हैं। युवा देश की असली ताकत हैं।

# यूनिसेफ इंडिया के अधिकारियों ने जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का किया अवलोकन

कलेक्टर से मुलाकात कर यूनिसेफ के अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**कोण्डागांव।** यूनिसेफ इंडिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी लुइज़ी डैक्किनो सहित यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि के रूप में पश्चिम अफ्रीका के रेने एहोनु एक्पिनी, बेल्जियम के गुंटर बूसरी, चोल थाबो आयुल, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब ज़ैकारीया, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह के द्वारा मंगलवार को कोण्डागांव में संचालित यूनिसेफ के कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ के दल द्वारा केशकाल विकासखण्ड के अंतर्गत बांधापारा और नाकापारा आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम स्वास्थ्य स्वचछता 'मया मंडई', पोषण दिवस और एनिमिया मुक्त कोण्डागांव के बारे में युवाओं एवं ग्रामीणों के संग चर्चा की गई साथ ही गर्भावस्था के दौरान योग के विषय में चर्चा करते हुए केन्द्र में योगाभ्यास को देखा। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन और एएनएम से टीकाकरण, एनीमिया मुक्त कोण्डागांव के कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की और जिले में चल रहे कार्यों को समझा साथ ही



## यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में लिया भाग

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बस्तरिया हल्बी गानों की धुन पर बच्चों एवं युवोदय स्वयं सेवकों के संग नृत्य किया।

इस दौरान उन्होंने योजनाओं से कैसे समाज के तीनों वर्गों में बचपन, युवा वयस्क, और वृद्ध वयस्कों तक पहुंचाया जा रहा है और कैसे स्कूलों में स्वयंसेवकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा की जा रही है और समुदाय में उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्यों ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया ।

और स्वयंसेवकों ने भी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के परिणामस्वरूप उनके जीवन में परिवर्तनों एवं अनुभवों को साझा किया। इस दौरान बीएमओ डॉ0 एएल रोहलेडर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ0 रूद्र कश्यप, सीडीपीओ दिपेश बघेल, बीपीएम उमेश मरकाम, प्रियंका वर्मा, सरपंच, पंच, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, समूह के कार्यकर्ता, पॉल कुमार, कमल पांडे, आरती, सूर्यकांत के सहित जिले के सक्रिय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

यूनिसेफ के दल ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर कोण्डागांव में नवाचार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य एवं कुपोषण से लड़ने के लिए तैयार की गयी योजनाओं की प्रशंसा की। दल द्वारा विशेष तौर पर 'मया मंडई', 'एनिमिया मुक्त कोण्डागांव' अभियान एवं 'युवोदय कोंडानार चैम्प्स' स्वयं सेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसके क्रियान्वयन में सहयोग एवं अन्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना निर्माण पर जोर देते हुए समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु गहन विमर्श किया।




# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली कि लोकार्पण शिलान्यास के कितने कार्य पूर्ण हैं। कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत तहसीलवार पंजीयन और गिरदावरी में त्रुटि रहित कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ. सिद्दीकी को अधिकारियो ने बताया कि लक्ष्य से अधिक रासायनिक खाद का बिक्री वितरण किया गया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के संभाग स्तरीय कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने निर्वाचन के सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इन कार्यों में मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं मतदान भवन, पेयजल, बिजली आपूर्ति, रैंप, शौचालय, आदि के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा करना, मोबाइल नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापना, वेब कास्टिंग के अधीन आने वाले मतदान केंद्रों में इंटरनेट की स्पीड निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार करना, निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टी और अन्य निर्वाचन ड्यूटी की समीक्षा कर किसी भी कर्मचारी का एक ड्यूटी निर्धारित करना शामिल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।



# डाक विभाग द्वारा किया गया डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम

**कोंडागांव।** भारतीय डाक विभाग भारत सरकार द्वारा 20 सितम्बर गुरुवार उप डाकघर कोंडागांव में डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमंडल माननीया वीना आर श्रीनिवास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा, वर्षा यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, बालिका गृह प्रमुख मणि शर्मा, डाक अभिकर्ता श्रीमती संध्या आचार्या मंचासीन रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। ततपश्चात अतिथियों का पौधे भेट कर स्वागत किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने डाकघर में उपलब्ध सेवाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी जिसमे, डाकघर बचत बैंक, महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ, आवर्ती जमा, मासिक इनकम स्कीम, टाइम डिपॉजिट, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, सीनियर



सिटीजन सेविंग स्कीम, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा डाकघर में उपलब्ध आधार पंजीयन व अद्यतन, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में उपलब्ध सुविधा जिसमें खाता खोलना आधार से रकम निकासी इत्यादि सेवाओं पर जानकारी दी गई। इस मौके पर पोस्टमास्टर जनरल श्रीमती वीना जी के द्वारा हाल में ही खुलवाए गए खातों के पासबुक वितरण भी किया गया। अंत मे सीपीएमजी महोदया को स्मृतिचिन्ह एवं समस्त विशिष्ट अतिथिगण को साल श्रीफल भेंट की गई। आज के इस कार्यक्रम में कुल 2 करोड़ 17 लाख का आरपीएलाई प्राप्त हुआ जिसका प्रीमियम 1 लाख 62 हजार है एवं पीएलआई 10 लाख इसी प्रकार एसबी के 136 खाते, आरडी 140, सुकन्या 118, महिला सम्मान बचत पत्र 28, टीडी के 15 खाते प्राप्त हुए। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से उपसंभागीय निरीक्षक उससंभाग कोंडागांव 1 आर एस मिश्रा, कोंडागांव2 सीरेंद्र देवांगन, प्रीतम गुप्ता, हरेंद्र यादव , संदीप राव, अनिल दीवान, नईम खान, डिकेश मिर्झा, भारत साहू, विदोष दीवान, उमेश नाग, धीरजलाल यादव, सहित समस्त ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित रहे।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## एक्सिस बैंक डकैती मामले ...

इस गैंग के द्वारा कोरबा जिले में सीएसईबी स्थित केनरा बैंक में डकैती मामले में भी शामिल होने की जानकारी की पुष्टि हुई । आरोपियों की पहचान होते ही नाकाबंदी और तगड़ी की गई । एसएसपी सदानंद कुमार ने सोनभद्र और रामानुजगंज के इलाके में नाकेबंदी हेतु संभाग के अधिकारियों से बात की । इस बीच एक टीम झारखंड और उड़ीसा तथा अन्य राज्यों में लगातार बनी हुई थी जहां अपने स्तर पर इंटेलिजेंस कलेक्शन किया जा रहा था ।

इस ऑपरेशन के दौरान मध्य रात्रि को स्वयं आईजीपी अजय यादव, डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ को वार रूम बनाकर अधिकारियों व टीमों को लगातार दिशा निर्देश दिया जा रहा था जिसमें एसएसपी सदानंद कुमार, एसडीओपी दीपक मिश्रा, सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, डीएसपी सुशांतो बनर्जी, डीएसपी निकिता तिवारी एवं रेंज से आये अन्य अधिकारी उपस्थित रहे । आईजी अजय यादव सर के नेतृत्व में ब्रेन स्ट्रार्मिंग कर आरोपियों के द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले सम्भावित सभी मार्गों की मैपिंग की गई जो टोल प्लाजा में उनके मूव्हमेंट के संबंध में मिली जानकारी पर आधारित थी । अतः सभी संबंधित जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सघन चेकिंग और नाकेबंदी के लिये सूचित किया गया । रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा अपने पूर्व के स्थानीय आसूचना तंत्र को क्रियान्वित करते हुये संदिग्ध आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की जिसके परिणाम स्वरूप संदिग्ध क्रेटा वाहन के रामानुजगंज क्षेत्र में स्पॉट होने की जानकारी मिली । तत्काल बलरामपुर पुलिस से जानकारी साझा किया गया । एसपी बलरामपुर श्री लाल उमेद सिंह स्वयं नाकेबंदी की कमान संभाले हुए थे जिनकी सूझबूझ से संदिग्ध क्रेटा वाहन को कब्जे में लिया गया जिसमें 2 संदेही मौजूद थे । हिरासत में लेने के पश्चात संदेहियों से पूछताछ में अन्य आरोपियों की जानकारी मिली जो पीछे एक ट्रक ओडी 09 बी 3677 में आ रहे थे, जैसे ही ट्रक को रोकने के लिये पुलिस ने घेराबंदी की उसमें बैठे 02 संदेही भाग निकले ।

ट्रक चालक को पुलिस द्वारा फौरन हिरासत में लिया गया । आरोपी वाहन चालक से फरार हुये अन्य दो आरोपियों के संबंध में जानकारी ली गई जिसे अंबिकापुर साइबर सेल की टीम को साझा किया गया, टीम ने आगे रंका (पलामू) क्षेत्र में तैनात अपनी टीम को डिटेल शेयर किये, 02 आरोपियों को टीम ने बस में भागते हुए पकड़ा । हिरासत में लिये गये 05 आरोपियों से पूछताछ पश्चात विधिवत तलाशी ली गई, आरोपियों के पास से - एक देसी मेड राइफल, एक कट्टा, 08 कारतूस, क्रेटा वाहन जेएच 01 - एफ ई 8641, एक ट्रक ओडी 09 बी 3677 और आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किया गया मास्क, कई चाबियां की जप्ती तथा बैंक से लूट किए गए रूपयों आभूषणों की रिकवरी की गई है । आरोपियों द्वारा ट्रक के अंदर बोरियों में बैग से भरा रूपयों को छिपा कर रखा गया था। मामले में रायगढ़ पुलिस द्वारा शत प्रतिशत रिकवरी किया गया, बरामद रकम को स्थानीय एक्सिस बैंक मैनेजर के साथ बलरामपुर और रायगढ़ पुलिस के निरीक्षकों द्वारा गणना की गई । हिरासत में लिये गये गया बिहार के शेरघाटी इलाके के 05 डकैतों को रायगढ़ लाया गया है जिनसे उनके अन्य साथियों की डिटेल प्राप्त की गई है । पुलिस की टीम लगातार फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। बिहार के गया शेरघाटी डकैत गिरोह के आरोपी अमरजीत कुमार और राजेश दास के संबंध में बिहार के कई जिलों में अपहरण, चोरी, लूट आदि के कई मामले सामने आये हैं । अन्य आरोपियों के भी कई राज्यों में लूट, डकैती जैसे वारदातों को अंजाम देने की जानकारी मिली है, रायगढ़ पुलिस द्वारा सभी राज्यों को जानकारी साझा कर आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड भी प्राप्त किए जा रहे हैं । थाना कोतवाली रायगढ़ में आरोपियों पर डकैती व आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

आईजी बिलासपुर अजय यादव तथा डीआईजी श्री रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं एसएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी संदीप मित्तल, एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडेय, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, डीएसपी सुशांतो बनर्जी, डीएसपी निकिता तिवारी, डीएसपी के.के. वासनिक, निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रशांत राव आहेर, शरद चन्द्रा, आर्शीवाद राहटगांवकर, हर्ष वर्धन सिंह बैस, सुखनंदन पटेल, रामकिंकर यादव, कृष्णकांत सिंह, राकेश मिश्रा, अभिनवकांत सिंह, विजय चेलक, एस.आई. संजय नाग, कमल किशोर पटेल, सागर पाठक, दीपिका निर्मलकर, ए.एस.आई. इगेश्वर यादव, दिलीप बेहरा, रमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, सतीश पाठक, लोमश राजपूत, रेणु मंडावी, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी, मनोज पटनायक, जगन्नाथ साहू, संतोष जायसवाल, कोमल तिवारी, धर्नुजय बेहरा, विनय तिवारी, बालचंद राव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत पडां, महेश पंडा, विक्रम सिंह, विकास प्रधान, सुरेश सिदार, नरेश रजक, रविन्द्र गुप्ता, नवीन शुक्ला, धनंजय कश्यप, पुष्पेन्द्र जाटवर, नंदू पैंकरा, सुरेन्द्र पोर्ते, डेमन ओग्रे और प्रमोद सागर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### गिरफ्तार आरोपी

* राकेश कुमार गुप्ता पिता गणेश साव उम्र 22 साल निवासी बार थाना शेरघाटी जिला गया बिहार
* उपेंद्र सिंह पिता सुंदरिका सिंह राजपूत उम्र 50 साल निवासी गुरुवा जिला गया बिहार
* निशांत उर्फ पंकज कुमार महतो उर्फ राजेश दास पिता जयदेव प्रसाद उम्र 32 साल निवासी खरसरी थाना मधुबन जिला धनबाद बिहार
* राहुल कुमार सिंह पिता उपेंद्र लाल उम्र 22 साल निवासी ग्राम डोभी थाना डोभी जिला गया बिहार
*2023 अमरजीत कुमार पिता शंकर उम्र 24 साल निवासी भरारी थाना शेरघाटी जिला गया बिहार

# डेंगू के बचाव के लिए कूलर और फ्रिज के पीछे कंटेनर, खुले व छत में पड़े टायर, गमलों में जमा पानी करें तुरंत खाली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों के रोकथाम के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के सख्त निर्देश के पश्चात स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की टीम ने फील्ड में उतरकर कर डेंगू सर्वे और लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू कर दिया है। इन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद मैदानी स्तर पर अभियान की कमान संभाल रखी है। शहर में बढ़ते मामलों को देखते हुए कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू नियंत्रण में लगे विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त कर दी हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। निगम अमले को भी लगातार कचरे के उठाव और दवा के छिड़काव को लेकर हिदायत दी गई है।



स्वास्थ्य विभाग से डॉ.भानु पटेल ने बताया कि मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर घर घर सर्वे करवाया जा रहा है। घरों में कहीं पानी जमा तो नही इसकी जांच की जा रही है। कूलर, फ्रिज के पीछे का कंटेनर, खुले में पड़े टायर, गमले, बॉक्स और टंकियों में जमा पानी को खाली करवाया जा रहा है। खुली टंकियां जिससे पानी का सप्लाई होता है उसे ढंकवाया जा रहा है। डेंगू से रोकथाम के लिए जरूरी निर्देशों की जानकारी देकर उसे अमल में लाने की सलाह भी लोगों को सर्वे टीम दे रही है। घर में यदि कोई बीमार है तो उसकी जांच कराने और सभी जरूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## डेंगू से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं हैए बल्कि सावधान और जागरूक रह कर इससे बचा जा सकता है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पाँच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं। उन्होंने जिलेवासियों को डेंगू बीमारी से खुद को बचाने के लिए विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दी है।

## क्या करना चाहिए

बारिश के बाद अपने घर के आसपास पानी जमा होने की जांच करें। सभी पानी के कंटेनरों/ओवरहेड टैंकों आदि को ठीक से ढककर रखें। हफ्ते में एक बार घरोंए कार्यालयों, कारखानों, स्कूलों आदि में सभी कूलरों और कंटेनरों को साफ कर के सुखाएं। हर हफ्ते फ्रिज की पिछली ट्रे में पानी जमा होने की जांच करें और उन्हें अच्छे से सुखाएं। पक्षियों और जानवरों को खिलाने वाले बर्तन डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर के प्रजनन का संभावित स्त्रोत हैं इसलिए इन्हें स्क्रब से साफ करें और हर हफ्ते पानी बदले। मच्छरों के काटने से बचने के लिए दिन के समय खुले हिस्सों पर मच्छर निरोधक का प्रयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े और लंबे कपड़े व पतलून पहनें जो हाथ और पैरों को ढकें। मच्छरों को दूर रखने के लिए जालीदार दरवाजे व खिड़कियां, मच्छर कॉइल वेपरमैट आदि का उपयोग करें। दिन के समय विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त किसी भी तरीके से डेंगू के मरीजों को मच्छर के काटने से बचाएं। सुनिश्चित करें कि ईमारतों के आसपास के जमीनी क्षेत्रों मेंए छत पर कोई जलजमाव न हो और खुले स्थानो पर कोई टूटा हुआ फर्नीचर या कबाड़ न हो।

## क्या नहीं करना चाहिए

टूटे हुए मिट्टी के बर्तन, बोतलें, गमले, फुलदान आदि को बाहर या छतों पर इकट्ठा न होने दें। उपयोग में न होने पर डेजर्ट कूलर में पानी न छोड़ें। फूलों के गमलों के नीचे प्लेटें न रखें। पानी को बिना ढके या ठीक से ढके हुए कंटेनरों और टैंकों में न रखें। घरों, वर्कशॉप, गोदामों आदि के बाहर टायर न रखें। नारियल पानी पीने के बाद नारियल के छिलकों को खुले में न फेंके, क्योंकि इन छिलकों में बारिश का पानी जमा हो सकता है, जिससे मच्छर पनप सकते हैं। गिलास, कप, प्लेट, कुल्हड़ आदि जैसी डिस्पोजेबल वस्तुओं को खुले में न फेंकें क्योंकि इन वस्तुओं में भी पानी जमा होने से मच्छरों के प्रजनन का खतरा हो सकता है। डेंगू बुखार के रोगियों को एस्पिरिन और ब्रुफेन न दें, प्लेटलेट्स बहुत कम होने पर रक्त स्राव हो सकता है इसलिए टेबलेट पेरासिटामोल का उपयोग बुखार और शरीर दर्द के लिए किया जा सकता है।



# महिला आरक्षण बिल लाना ऐतिहासिक निर्णय और साहसिक कदम-सुनील रामदास

* सुनील रामदास ने महिला आरक्षण बिल नारियों को भारतीय समाज में समरसता लाने वाला कदम बताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने संसद में पेश किए गए महिला आरक्षण बिल को नरेंद्र मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय और साहसिक कदम बताया है। वास्तव में, महिला आरक्षण बिल को संसद में पेश करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिलाओं के लिए उद्धारक बन गए हैं। उन्होंने आम जनता से इस बारे में समाज में इसके सामाजिक और देशहित में लाभ पर अधिक से अधिक विचार.विमर्श करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह बिल महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिला आरक्षण बिल लाने का निर्णय सचमुच में ऐतिहासिक और साहसिक है सुनील रामदास ने कहा। इस बिल के पेश होने से देश में नारियों के सशक्तिकरण की जो बातें होती थी वह सही मायनों में सार्थक हुआ है। वास्तव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे सामाजिक वातावरण भी मजबूत होगा, न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा सुनील रामदास का कहना है कि हमारी सनातन संस्कृति में भगवान शंकर को अर्धनारीश्वर स्वरूप माना गया है। यह दर्शाता है कि पुरुष और महिला दोनों समान हैं। दोनों एक ही सत्ता के दो रूप हैं। महिला आरक्षण बिल भी इसी सिद्धांत को चरितार्थ करता है। यह बिल महिलाओं को न केवल राजनीति में प्रतिनिधित्व का मौका देगा साथ ही साथ महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा। परिणाम स्वरूप महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्म.सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे हमारा समाज अधिक सुखद बनेगा।

अर्धनारीश्वर रूप की तरह, महिला आरक्षण बिल भी समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच के सभी तरह की दूरी को कम करके समानता को बढ़ावा देगा। इससे महिलाओं और पुरुषों के बीच असमानता को कम करने और एक अधिक न्यायपूर्ण समाज बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने नारियों के राजनीतिक भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि यह प्रस्तावित अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे महिलाएं परिवार, समाज और देश के निर्णय.निर्माण प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से शामिल हो पाएंगी। सुनील रामदास ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज में कोई काम नहीं बनताए उन्हें राजनीति में अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल महिलाओं को राजनीति में अपनी आवाज उठाने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का अवसर प्रदान करेगा। सुनील रामदास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिलाओं के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है और वह महिला आरक्षण बिल को पारित करने के लिए हर संभव पुख्ता पहल कर रही है। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का पेश होना ऐतिहासिक घटना है। यह बिल महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राजनीति में अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा इस बिल का समर्थन करती है और वह इसे पारित करने के लिए सरकार के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल के पारित होने से भारत में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि होने की उम्मीद है। यह बिल महिलाओं को राजनीति में अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा और यह उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने में मदद करेगा। सुनील रामदास ने कहा कि महिला आरक्षण बिल से महिलाओं के मुद्दों को अधिक ध्यान मिलेगा। महिला सांसद और विधायक महिलाओं के मुद्दों को उठाने और उन्हें हल करने के लिए अधिक सक्षम होंगे। इससे महिलाओं के जीवन में सुधार होगा।

## छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा कौमी एकता के तहत महफ़िल ए कव्वाली का आयोजन

**दल्लीराजहरा** -विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा कौमी एकता के तहत महफ़िल ए कव्वाली का आयोजन बी एस पी ओपन एयर थियेटर क्लब में 17 सितम्बर की रात्रि 9 बजे किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग अनिला भेड़िया थी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री इदरीश गांधी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी ने की।

विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर,विकास भेड़िया, अतिक अहमद,रामू शर्मा,अतिक अहमद कुरैशी,सकील खान,कार्यक्रम प्रभारी शब्बीर खान,समाज सेवी आशुतोष माथुर,थे।

# छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले बीजेपी की परिवर्तन यात्रा तेजी से बिलसपुर बढ़ रही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले बीजेपी की परिवर्तन यात्रा तेजी से बिलासपुर की तरफ बढ़ रही है। 12 सितंबर को प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की थी, एक हफ्ते बाद ये यात्रा दुर्ग संभाग से होते हुए 19 सितम्बर को बेमेतरा जिले में प्रवेश किया है जहां शाम को विशाल आम सभा के बाद 20 सितम्बर को सुबह प्रेस वार्ता के बाद ग्राम देवरबीजा में स्वागत फिर बेमेतरा विधानसभा के अंतिम कार्यक्रम स्वगात सभा के रूप में कोदवा में रखा गया था। परिवर्तन यात्रा बेमेतरा से कोदवा के आगवानी करने के लिए युवा मोर्चा बेरला व भिभौरी मण्डल अध्यक्ष दीक्षांत साहू व तारकेश्वर सोनी के नेर्तृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से कोदवा स्वागत सभा तक लाया गया जहां आतिशबाजी के फटाखे व अब नई सहिबो बदल के रहिबो का नारे से स्वागत किया। भाजपा इस चुनाव में कोई कसर नही छोड़ रहा है लगातार बीजेपी के बड़े नेता छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। इस क्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास परिवर्तन यात्रा शामिल हुए कोदवा के स्वागत सभा को संबोधित किया इनके बाद धमधा और अहिवारा के विशाल आम सभा को अपना मार्गदर्शन देंगे। प्रमुख रूप से जिला प्रभारी लखन साहू, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल महामंत्री डोमेन्द्र राजपूत, गौकरण साहू रोहित माहेश्वरी सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। रघुबर दास ने कहा छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर चल रही है इस लहर में आशीष छाबड़ा छोड़िए भूपेश बघेल भी बचने वाले नही है।कांग्रेस सरकार ने केवल हर वर्ग को ठगने का कार्य किया यह कार्य वह अपने पार्टी के नेता से भी कर चुके है जिसमे भुक्त भोगी उनके मंत्री ताम्रध्वज साहू व टी एस बाबा है।छत्तीसगढ़ के जनता अब एक ही बात कह रही है अब नहि साहिबो बदल के रहिबो। ये परिवर्तन यात्रा में जनता अपना आशिर्वाद दे रही है कार्यकताओ में काफी उत्साह है यात्रा में हर एक दिन कांग्रेस के काले कारनामो को उजगार कर रहे है।जहाँ देखो वहां भ्रष्टाचार रेत, कोयला, मुरुम और तो और यह सरकार गरीबो का चावल खा गई और शराबबंदी के वादा कर गांव गांव शराब बिकवाने का कार्य की।

# मुक्ति धाम के पास पुलिया निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान, छायी मायूसी पनप रहा आक्रोश

**सूरजपुर।** भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सत्यनगर में मुक्ति धाम के पास पुलिया निर्माण न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीणों ने स्थानीय जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह के साथ एक वर्ष पूर्व भटगावँ में भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पुलिया निर्माण कराने की मांग किये थे जिस पर मुख्यमंत्री ने उचित कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किये थे। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभागीय अधिकारियों के द्वारा पुलिया निर्माण के संबंध में पत्राचार भी किया गया, परन्तु एक वर्ष से भी ज्यादा बीत चुका है अभी तक पुलिया निर्माण की स्वीकृति नही मिल पाई है जिससे ग्रामीणों में मायूसी के साथ-साथ आक्रोश भी पनप रहा है।



## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन-----

एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिया निर्माण की स्वीकृति न मिलने से मायूस हो चुके सत्यनगर के ग्रामीण एक बार फिर कलेक्टर से मिल स्वीकृति प्रदान करने की गुहार लगाये हैं।

# भाजपा के सभी दिग्गज पहुंचे जिलाध्यक्ष के घर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

नव मतदाता एवं युवा सम्मेलन के बाद प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन, छत्तीसगढ़ी फिल्म सुपर स्टॉर अनुज शर्मा, सतनामी समाज धर्म गरू सुखवांत साहेब, राष्ट्रीय सोशल मिडिया प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा अमनदीप व सभी अतिथिगण सहित तीनों विधानसभा के कोर कमेटी के सदस्य भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के घर पहुंचे।




नितिन नवीन का कृष्णकांत चंद्रा सहित भाजपा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा नितिन नवीन, अनुज शर्मा व सुखवंत साहेब को शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया।

जिलाध्यक्ष द्वारा अगामी विधानसभा चुनाव में जिले के तीनों विधानसभा में कमल खिलाने, भाजपा जीताने के विषय में नितिन नवीन से विशेष मार्गदर्शन लिया गया। कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि नितिन नवीन के मार्गदर्शन में निश्चित रूप से इस बार प्रदेश सहित जिले के तीनों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी जीत की परचम लहराएगी। क्षेत्र की जनता भ्रष्ट व घुसखार कांग्रेस सरकार को प्रदेश से उखाड फेकेंगी। जिला प्रभारी गुरु पाल भल्ला, विकास केडिया, बिबेक रंजन सिन्हा, डॉ खिलावन साहू, टिकेश्वर गवेलए गोपी सिंह ठाकुर, पीताम्बर पटेल, भूषण चन्द्रा, राम नरेश सिंह यादव, मोहन कुमारी साहू, उमा राठौर, सिद्धेश्वरी सिंह, नेतराम चंद्रा, भूपेंद्र पटेल, चंद्रकुमार चन्दा, अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से खुशहाल हुए जिले के किसान

## योजना लागू होने के बाद लगातार धान के रकबे में हुई वृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुआ। बीते पौने पांच वर्षों में किसानों की आमदनी में निरंतर वृद्धि हुई। जिससे जिले के किसान खुशहाल नजर आने लगे, वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान उपार्जन का उचित मूल्य प्रदान करने हेतु आदान सहायता के रुप में प्रति एकड़ की दर से 9 हजार रुपए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत दी जाने लगी। वर्ष 2019.20 में 9889 किसान इस योजना से लाभान्वित हुये। वहीं लगातार प्रति वर्ष किसानों की संख्या में वृद्धि देखने को मिला जिसके अंतर्गत 2020.21 में 1883, 2021.22 में 3781 वहीं 2022.23 में 1997 किसानों की वृद्धि हुई जो राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लाभार्थी बने वहीं धान रकबे में भी निरंतर आशातीत वृद्धि प्रतिवर्ष हुआ। 2019 में 7063.5 हेक्टेयर, 2020.21 में 5996, 2021.22 में 5020 और वर्ष 2022-23 में 4909 हेक्टेयर रकबा में वृद्धि हुई। इसी तरह प्रति हेक्टेयर उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गई। राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2019.20 में शुरु हुई वहीं 2018.19 में योजना शुरु होने के पूर्व 66353 हेक्टेयर रकबा बढ़कर 2022.23 में 86210 हेक्टेयर हो चुका है। धान का उत्पादन 2018.19 में 59.400 हेक्टेयर में 97199 टन था जो 2022.23 में 75691 हेक्टेयर 1,72,424 टन का उत्पादन हो चुका है। विगत पौने पांच वर्ष 02 सहकारी बैंक शाखा खुले एवं धान खरीदी केन्द्र की संख्या 16 से बढ़कर 26 हो चुकी है। खरीफ धान के अलावा मक्का, कोदो.कुटकी, रागी, मूंग, उड़द इत्यादि फ सलों पर भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत आदान सहायता मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया। कृषि को बढ़ावा देने अन्नदाताओं को आत्मनिर्भर और खुशहाल करने जिले में 10 हजार से अधिक किसानों को 56.85 करोड़ की ऋण माफ हुई। वहीं 3459 किसानों का सिंचाई कर भी माफहोने से किसान अब उन्नति की ओर अग्रसर है। जिससे कृषि को एक नया स्वरुप मिला खेती किसानी के प्रति किसानों ने रुचि ली और कृषि यंत्रों, ट्रेक्टर इत्यादि की खरीदी में भी इजाफा देखने को मिला जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।

**बीते पौने पांच वर्षों में किसानों के आमदनी में लगातार हुई वृद्धि**



## देश के गद्दारों से लड़ेंगी तब्बू, खुफिया का ट्रेलर जारी



बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक विशाल भारद्वाज इन दिनों अपनी फिल्म खुफिया को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।हाल ही में निर्देशक ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसके बाद से ही प्रशंसक इसकी रिलीज के इंतजार में हैं।इस स्पाई थ्रिलर में तब्बू के साथ अली फजल और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। अब फिल्म के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर भी जारी कर दिया है, जो सस्पेंस से भरपूर है। खुफिया सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें तब्बू रॉ एजेंट की भूमिका निभा रही हैं और देश को बचाने की जद्दोजहद में लगी हुई हैं।इसमें दिखाया गया है कि रवि मोहन (अली) पर देश के साथ गद्दारी करने का आरोप है।



## रिवीलिंग आउटफिट पहन मोनालिसा ने शेयर किया बोल्ड पोस्ट

### हॉटनेस देख नेटिजन्स का धड़का दिल

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लोगों को दीवाना बनाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो हर वक्त लाइमलाइट लूट लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपनी ग्लैमरस अदाओं का जलवा बिखेर कर यूजर्स को घायल कर दिया है। इन तस्वीरों में उनकी बोल्डनेस देख फैंस पानी-पानी हो गए हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री से टीवी में अपनी एक्टिंग से दर्शकों को इंप्रेस करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा काफी पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही इंटरनेट पर तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा का लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की शोख अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। मोनालिसा ने अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान सिल्वर कलर की मिनी स्कर्ट और रिवीलिंग क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस अवतार में बेहद ही ग्लैमरस और बवाल दिखीं। हालांकि फैंस भी उनके इस लुक पर काफी प्यार लूटा रहे हैं। इन फोटोज में मोनालिसा किसी इनडोर सेटअप में एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देते हुए फोटोशूट करवा रही हैं। मोनालिसा की इन तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए हॉट, यू लुक सुपरबोल्ड, अमेजिंग, हार्ट और फायर इमोजी वाले रिएक्शंस दे रहे हैं।

## अभिनेत्री और मॉडल हैं अश्लेषा ठाकुर,जवान में निभाया विजय सेतुपति की बेटी का किरदार?

जवान न सिर्फ शाहरुख खान, बल्कि साल 2023 की भी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक थी। यह फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार भी मिल रहा है।



जवान में मौजूद सभी कलाकारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है, जिसमें एक नाम अश्लेषा ठाकुर का भी है। फिल्म में उन्होंने विजय सेतुपति उर्फ काली गायकवाड़ की बेटी आलिया का किरदार निभाया है।

20 वर्षीय अश्लेषा जानी-मानी अभिनेत्री और मॉडल हैं।उन्होंने साल 2017 में टीवी शो शक्ति अस्तित्व के अहसास की के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसी साल अश्लेषा ने फिल्म जीना इसी का नाम है से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वो वरुण धवन की फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया में भी नजर आ चुकी हैं। हालांकि, अश्लेषा को असल पहचान द फैमिली मैन से मिली, जिसमें उन्होंने मनोज बाजपेयी और प्रियामणि की बेटी धृति का किरदार निभाया था। 19 अक्बूटर, 2003 में जन्मी अश्लेषा मुंबई की ही रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई भी मुंबई से ही पूरी की है।काम के मोर्चे पर बात करें तो अश्लेषा अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की फिल्म पगलैट में भी अभिनय कर चुकी हैं।इसके अलावा उन्होंने शॉर्ट ड्रामा सीरीज गुप्त ज्ञान में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है। आखिरी बार उन्हें गुटर गु में देखा गया था, जो अमेजन मिनी टीवी पर उपलब्ध है।

## फिल्म गणपत का नया पोस्टर हुआ रिलीज, टाइगर श्रॉफ का दिखा एक्शन अवतार



**बॉ**लीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म गणपत को लेकर सुर्खियों में हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, यह फिल्म टाइगर के प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अब निर्माताओं ने गणपत का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें टाइगर का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। पोस्टर में टाइगर को बॉक्सिंग ग्लव्स पहने कैमरे की ओर गुस्से में घूरते देखा जा सकता है। उनके पीछे कई लोगों की भीड़ है। टाइगर के चेहरे पर जुनून और जज्बे का लुक नजर आ रहा है, जिससे इस बात का हिंट मिल रहा है कि फिल्म में रेसलिंग फाइट देखने को मिलेगी। फिल्म में टाइगर के अलावा कृति सैनन और अमिताभ बच्चन भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

टाइगर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गणपत का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, उसको कोई क्या रोकेगा...जब बप्पा का है उसपे हाथ, आ रहा है गणपथ...करने एक नई दुनिया की शुरूआत।

टाइगर श्रॉफ ने बागी, हीरोपंती, द फ्लाइंग जट्ट, मुन्ना माइकल जैसी तमाम फिल्मों में अपने एक्टिंग टैलेंट का हुनर दिखाया है। अब वह विकास बहल की फिल्म गणपत- पार्ट 1 में धमाल मचाते नजर आएंगे। गणपत 20 अक्टूबर को हिंदी समेत तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन विकास बहल ने किया है।

## फिल्म एनिमल का नया पोस्टर जारी, रणबीर कपूर का दिखा धांसू अवतार




**बॉ**लीवुड एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल जब से अनाउंसमेंट हुई तब से चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म से रणबीर कपूर की जब पहली झलक आई थी तब से फैंस काफी एक्साइटेड हैं। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल को पहले 11 अगस्त को रिलीज किया जाना था लेकिन इस फिल्म को रिलीज डेट को पोस्टपोन कर दिया गया था। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म एनिमल से रणबीर कपूर का नया पोस्टर सामने आया है। इसके साथ ही फिल्म की टीजर रिलीज डेट भी सामने आई गई है। आइए जानते हैं कि रणबीर कपूर की फिल्म का टीजर कब रिलीज होगा।

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की टीजर रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म के टीजर को रणबीर कपूर के जन्मदिन यानी 28 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। फिल्म एनिमल का नया पोस्टर भी सामने आया है जिसमें रणबीर कपूर बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। उनके मुंह में जलती हुई सिगरेट और हाथ में लाइट दिखाई दे रहा है।

## अजय देवगन, रणवीर सिंह, रोहित शेट्टी ने शुरू की सिंघम अगेन की शूटिंग



**रो**हित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स बॉलीवुड में सबसे फेमस और सफल फ्रेंचाइजी में से एक फिल्म सिंघम है. इसकी शुरुआत 2011 में अजय देवगन की सिंघम से हुई, इसके बाद 2018 में रणवीर सिंह स्टारर सिम्बा और अक्षय कुमार की सूर्यवंशी आई. ये सभी फिल्में अपने प्रमुख किरदारों के जरिए एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं.

अब सिंघम अगेन फ्लोर पर आ गई है. अजय ने ट्विटर पर सेट से तस्वीरें साझा कीं, जहां उनके साथ रणवीर और रोहित भी हैं और वे शूटिंग से पहले पूजा कर रहे हैं. अभिनेता ने लिखा, 12 साल पहले, हमने भारतीय सिनेमा को इसका सबसे बड़ा सिनेमाई कॉप यूनिवर्स दिया था. इतने सालों में हमें जो प्यार मिला है, उससे ताकत मजबूत हुई और सिंघम परिवार बड़ा हो गया. आज हम अपनी फ्रेंचाइजी को आगे ले जाने के लिए एक साथ आए हैं. सिंघम अगेन के साथ.

सीरीज़ के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की. उन्होंने लिखा, सिंघम, सिंघम रिटर्न्स, सिम्बा, सूर्यवंशी. 12 साल पहले, जब हमने सिंघम बनाई थी, तो हमने कभी नहीं सोचा था कि यह एक कॉप यूनिवर्स में बदल जाएगी. आज हम सिंघम अगेन की शूटिंग शुरू कर रहे हैं. हमारी पुलिस फ्रेंचाइजी की 5वीं फिल्म है. इसमे हम अपनी जान लगा देंगे. बस आपके प्यार और दुआ की ज़रूरत है.

# खेल



भारतीय रोइंग दल19वें एशियन गेम्स में जीत से शुरुआत की

## मेंस - विमेंस टीम ने रोइंग के लाइटवेट डबल स्कल इवेंट में रेपेचेज राउंड पहुंची

भारतीय रोइंग दल 19वें एशियन गेम्स में जीत से शुरुआत की है। यहां चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे इन गेम्स में बुधवार को भारतीय मेंस और विमेंस टीम ने रोइंग के लाइटवेट डबल स्कल इवेंट में मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। दोनों टीमें रेपेचेज राउंड में पहुंच गई हैं। पुरुषों के लाइटवेट डबल स्कल में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने हीट में 6:27.45 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह भी 6:27.01 के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। पुरुषों के दोनों ही अब रेपेचेज राउंड में हिस्सा लेंगी। अगर रेपेचेज में शानदार प्रदर्शन रहा तो वह फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह 6:27.01 के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे।

सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह 6:27.01 के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे।

पुरुषों के अलावा भारतीय लाइटवेट महिला डबल स्कल्स जोड़ी किरण और अंशिका भारती ने 7:27.57 का समय लेकर अपनी हीट में चौथा स्थान हासिल किया। ये भी रेपेचेज राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है।



### वॉलीबॉल में कोरिया के साथ शाम को मैच

वॉलीबॉल में आज कोरिया साथ शाम को 4 बजे मैच है। इससे पहले भारतीय मेंस वॉलीबॉल टीम ने लीग मुकाबले में कंबोडिया 3-0 से हराया।

### वॉलीबॉल: अमित ने दिलाए सबसे ज्यादा अंक

*भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में मंगलवार को एकतरफा जीत हासिल की। टीम ने कंबोडिया को पहले गेम में 25-14 के अंतर से हराया। टीम ने पहला गेम 22 मिनट में जीता। इसी प्रकार दूसरा गेम 19 मिनट में 25-13 और तीसरा 19 मिनट में 25-19 से हराया। भारतीय टीम को सबसे ज्यादा अंक जर्सी नंबर-11 अश्वराज ने दिलाए। उन्होंने 17 अंक अर्जित किए, वहीं कंबोडिया से जर्सी नंबर-15 मॉर्गन ने सबसे ज्यादा 9 अंक बटोरे।*

## एशियाड में भारत की जीत से शुरुआत

### वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया; फुटबॉल टीम चीन के खिलाफ 1-5 से हारी

हांगझोउ। भारत ने 19वें एशियन गेम्स में जीत से शुरुआत की है। यहां चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे इन गेम्स में मंगलवार को भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने लीग मुकाबले में कंबोडिया 3-0 से हराया, जबकि ग्रुप-ए के फुटबॉल मुकाबले में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को चीन ने 5-1 से हरा दिया।



भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम का दूसरा लीग मुकाबला बुधवार को साउथ कोरिया के खिलाफ होगा, जबकि फुटबॉल टीम गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी। आगे पढ़िए एशियाड में भारत के मुकाबलों की रिजल्ट अपडेट्स...

### वॉलीबॉल: अमित ने दिलाए सबसे ज्यादा अंक

भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल की। टीम ने कंबोडिया को पहले गेम में 25-14 के अंतर से हराया। टीम ने पहला गेम 22 मिनट में जीता। इसी प्रकार दूसरा गेम 19 मिनट में 25-13 और तीसरा 19 मिनट में 25-19 से हराया।

भारतीय टीम को सबसे ज्यादा अंक जर्सी नंबर-11 अश्वराज ने दिलाए। उन्होंने 17 अंक अर्जित किए, वहीं कंबोडिया से जर्सी नंबर-15 मॉर्गन ने सबसे ज्यादा 9 अंक बटोरे। पुरुष फुटबॉल के ग्रुप-ए के पहले मुकाबले में भारतीय फुटबॉल टीम को करारी हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम को मेजबान चीन ने 5-1 के अंतर से हराया।

## ICC वर्ल्ड कप का ऑफिशियल थीम सॉन्ग लॉन्च-नाम- दिल जश्न बोले, मुख्य किरदार में नजर आए रणवीर सिंह

**ICC** वनडे वर्ल्ड कप 2023 का ऑफिशियल थीम सॉन्ग आज 20 सितंबर को लॉन्च हो गया। गाने का नाम दिल जश्न बोले है। सॉन्ग के कवर पर रणवीर सिंह नजर आ रहे है। म्यूजिक डायरेक्टर प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया है। इस वर्ल्ड कप सॉन्ग को सिंगर प्रीतम, नकाश अजीज, श्रीराम चंद्रा, अमित मिश्रा, जोनिता गांधी, अकासा और चरण ने गाया है।



### पिछले महीने लॉन्च हुआ था ऑफिशियल मस्कट

ICC ने वनडे वर्ल्ड कप का ऑफिशियल मस्कट 19 अगस्त को लॉन्च किया गया। मस्कट को महिला बॉलर और पुरुष बैटर की थीम पर बनाया गया है। पुरुष मस्कट के हाथ में बैट और महिला मस्कट के हाथ में बॉल दिखाई गई है। ICC ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मस्कट का वीडियो भी शेयर किया, इसमें भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह नजर आए थे।

ICC के मस्कट लॉन्च इवेंट में भारत की अंडर-19 विमेंस टीम की कप्तान शेफाली वर्मा और अंडर-19 पुरुष टीम के कप्तान यश धुल भी मौजूद रहे।


*वनडे वर्ल्ड कप भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। पहला मैच पिछले वर्ल्ड कप की फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होगा। भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। वनडे वर्ल्ड के इस 13वें संस्करण में भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में होगा। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होना है। 15 और 16 नवंबर को सेमीफाइनल, 19 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।*

### एक नजर

## कालीरमन पर भड़के रेसलर बजरंग पूनिया

### बोले- चैलेंज एक्सेप्ट करूंगा, न देश छोड़ा और ना ही मरा हूं, तुम बृजभूषण की जय-जयकार कर रहे

**पानीपत।** एशियन गेम्स ट्रायल में छूट देकर बजरंग पुनिया को सीधे एंट्री कराने का मामला ठंडा नहीं पड़ा है। इस मामले में पहलवान विशाल कालीरमन के माता-पिता बुधवार को अनशन पर बैठेंगे। वहीं विशाल के भाई ने बजरंग और महिला पहलवानों को लेकर बयान दे दिया। जिससे बजरंग पूनिया भड़क उठे। वे कग्रिस्तान में बैठे हुए सोशल मीडिया पर लाइव आए और विशाल के माता-पिता को कहा कि पहले उसे बोलना सिखाओ, चैलेंज की बात बाद में आएगी। रही बात चैलेंज की, तो वह एशियन गेम्स के बाद स्वीकार किया जाएगा। मैं कहीं जा नहीं रहा हूं। मैं देश छोड़कर नहीं भागा हूं। न मैं मरा हूं और न ही मेरा जमीर मरा है। तुम तो शुरू से ही बृजभूषण की जय-जयकार कर रहे हो। विशाल के भाई ने एक इंटरव्यू में बजरंग पूनिया के साथ उनकी पहलवान पत्नी संगीता फोगाट को लेकर कई बातें कही थी। यहां तक कहा था कि बजरंग ने धरना बेच दिया। बजरंग इतने काबिल हैं तो विशाल से कुश्ती लड़ें। अगर वे जीते तो भारी कैश देंगे।



## वर्ल्डकप में पिच पर ज्यादा घास रखने का निर्देश

### बाउंड्री का साइज 70 मीटर होना चाहिए, ICC ने ओस से निपटने के लिए प्रोटोकॉल तैयार किया

इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने कई वेन्यू के क्यूरेटरों के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार किया है। अक्टूबर-नवंबर में में भारत के कई हिस्सों में ओस पड़ती है, जिससे टॉस की भूमिका अहम हो जाती है। टॉस की भूमिका कुछ हद तक काम करने के लिए ICC ने यह कदम उठाया है।



टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के अनुसार, भारत की पिचें आमतौर पर स्पिन के लिए ज्यादा मददगार होती हैं, लेकिन ICC ने क्यूरेटर को पिचों पर ज्यादा घास छोड़ने के लिए कहा है, जिससे तेज गेंदबाज भी मैच में बने रहें। इसका मतलब यह होगा कि टीमें प्लेइंग-11 में ज्यादा पेसर्स को मौका दे सके। बता दें, 2021 में यूएई में होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप भी ओस से काफी प्रभावित रहा था और दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को काफी फायदा हुआ था। एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'उत्तर, पश्चिम और पूर्वी राज्यों में साल के इस समय भारी ओस पड़ेगी। वहीं चेन्नई और बेंगलुरु में होने वाले मैचों में बारिश की आशंका है। ओस से स्पिनर्स के प्रदर्शन पर काफी असर पड़ता है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 21 सितंबर 2023

# जीवन भर जुड़कर पार्टी की रीति नीति पर चला, अब उम्र के इस पड़ाव में आकर एक बार विधायक बनकर क्षेत्र का विकास और जनता की सेवा करने की तमन्ना : केदारनाथ अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़ – छत्तीसगढ़– कोरबा।

कहते हैं इंसान का अगर ठाट–बाट अच्छा हो तो एक अच्छे इंसान के अंदर एक समय सेवा भाव की इच्छा जागृति होती है खासकर तब जब वह 50 की उम्र की दहलीज नाक चुका हो।

जी हां हम बात करने जा रहे हैं कोरबा जिले के एक ऐसे हंसमुख शख्सियत की जो अपने बच्चों के साथ बिजनेस में हाथ बंटाते हुए पत्रकारिता मे भारी रुचि रखते हैं इन्होंने एक दशक पहले एक न्यूज़ चैनल में ब्यूरो रिपोर्टर के पद पर कार्य करते हुए समसामयिक घटनाओं पर नजर व जनता सेवा में दिलचस्पी दिखाते हुए भ्रष्टाचार पर प्रहार करते रहे, आज वह एक सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़कर प्रमुखता से क्षेत्र की तमाम समस्याओं को पटल पर रखते हुए आइना दिखा रहे हैं, इसके साथ–साथ इनका राजनीति से भी भारी लगाव और दिलचस्पी रही यही कारण है कि वह एक बार विधायक बनकर क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता निभाते हुए क्षेत्र का विकास व जनता की सेवा करना चाह रहे हैं ।

## दो बार कटघोरा विधानसभा से चुनाव लड़े

हम बात कर रहे हैं कोरबा जिले के वरिष्ठ नेता केदारनाथ अग्रवाल की जिन्होंने अविभाजित मध्य प्रदेश शासन काल में 1990 के चुनाव में कटघोरा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर अपना लोहा मनवाया, त्रिकोणी मुकाबले में इन्होंने 17126 वोट पाए और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जनता दल यूनाइटेड भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुरितराम साहू से लगभग 3000 वोटो से पीछे रहे, वही इस चुनाव में पहले स्थान पर कांग्रेस से कृष्णा लाल जायसवाल ने जीत हासिल की, इसी तरह 1997 के विधानसभा चुनाव में



इन्होंने फिर कटघोरा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ा जिसमें इन्होंने 14992 मत प्राप्त किया दूसरे स्थान पर कांग्रेस से जयसिंह अग्रवाल और पहले स्थान पर भाजपा के बनवारी लाल अग्रवाल ने जीत हासिल की, 25 में 1998 को कोरबा जिले का दर्जा दिया गया हालांकि मध्य प्रदेश से अलग होकर 1 नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ का गठन हुआ और 2008 में कोरबा विधानसभा बनी ।

## *हंसमुख व्यक्तित्व के धनी*

वरिष्ठ नेता केदारनाथ अग्रवाल एक हंसमुख मिजाज के धनी व्यक्ति हैं 60 की उम्र पार करने के बाद भी उनके अंदर एक युवा जैसी स्फूर्ति दिखती है बुजुर्ग से लेकर युवा व बच्चों से हंसते हुए घुलमिल कर टेंशन मुक्त रहना इनके दिनचर्या में शामिल है, केदारनाथ अग्रवाल कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र के ग्राम रेलडबड़ी हरदीबाजार के मूल निवासी हैं इनका जन्म भी इसी गांव में हुआ है और प्रारंभिक शिक्षा भी इसी गांव से प्राप्त की है यही कारण है कि कटघोरा क्षेत्र में इनकी अच्छी पकड़ है और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कटघोरा विधानसभा का चुनाव दो बार लड़कर पूर्व में इन्होंने अपना लोहा मनवा चुके हैं, लेकिन अब इन्हें बच्चों के बिजनेस के कारण ज्यादातर शहर में रहना पड़ रहा है, वह वर्तमान में विगत कई वर्षों से भाजपा पार्टी से जुड़कर पार्टी की रीति नीति पर चलते हुए पार्टी के कार्यों को बढ़ा रहे हैं लेकिन उनकी दिली तमन्ना है कि उम्र के इस पड़ाव में अगर एक बार पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका देती है तो विधायक बनकर क्षेत्र का विकास और मानव सेवा करने का धर्म निभाता, यही कारण है कि उन्होंने 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी करते हुए भाजपा पार्टी से टिकट की मांग की है, उन्होंने चर्चा के दौरान बड़े मायूस होकर कहा कि अगर अब नहीं तो कब,

## *पार्टी के मंथन में कटघोरा से सबसे आगे नाम चल रहा

फिलहाल पार्टी कटघोरा सहित तमाम विधानसभाओं के दावेदारों का मंथन करते हुए मजबूत, चतुर वक्ता और लोगों में पापुलर, क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखने वाला, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व, पार्टी और संगठन की रीति नीति को मानने वाला, संगठन में निर्विवादित चेहरा आदि पर मंथन करते हुए पार्टी के पदाधिकारियों व पार्टी के गुप्त सूत्रों से फीडबैक ले रही है। अभी तक पार्टी सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी करने वालों में से तीन लोगों में पार्टी के उच्च पदाधिकारियों ने भरोसा जताया है जिसे लेकर मंथन चल रहा है जिसमें से कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी करने वाले केदारनाथ अग्रवाल पार्टी के उच्च व स्थानीय पदाधिकारियों व हाई कमान की नजरों में सबसे सशक्त और प्रबल दावेदारों में से एक हैं जिन पर पार्टी भरोसा जाता सकती है और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में केदारनाथ अग्रवाल को चुनाव मैदान में उतार सकती है ।

# गड्ढे में डूबने से दो बालक की गई जान

**रायपुर** । मकान निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। सूचना पर आजाद चौक पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं भूस्वामी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बृजलाल देवांगन नेहा मेडिकल के सामने अश्वनी में मकान निर्माण करने केलिए 5 से 6 फिट गड्ढा खोदा था, जिसमें मोहम्मद आवेश 10 वर्ष और मोहम्मद साबिर 12 वर्ष की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी भूस्वामी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** । भूमिया स्थित राइस मील चौक के पास तीन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से गाली–गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश कुमार साहू 28 वर्ष ग्राम भूमिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी राइस मील चौक पर खड़ा था, तभी आरोपी मनीष, पियूष व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली–गलौज कर मारपीट किया।

# आयुष्मान भव: अभियान के तहत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य मेले का किया जा रहा आयोजन

### स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की स्क्रीनिंग कर नि :शुल्क इलाज की सुविधा की जा रही प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।


भारत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी के नेतृत्व मे जिले में विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु आयुष्मान भव : अभियान का संचालन किया जा रहा है।







आयुष्मान भव: अभियान के तहत आयुष्मान मेला का आयोजन जिले में दो स्तर पर किया जा रहा है। जिसके प्रथम स्तर पर आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में जैसे एनसीडी/टीबीलेप्रोसी तथा मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। इसी प्रकार द्वितीय स्तर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक रूप से मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग, शल्य चिकित्सा, नाक,कान,गला रोग, चर्म रोग तथा दंत चिकित्सक सहित अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भव: अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज कोरबा के रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसी प्रकार 22 सितंबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताड़ीए 27 सितंबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा, 04 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी.उपरोड़ा, 09 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करतला, 16 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली तथा 26 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में स्वास्थ्य मेला का



आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की स्क्रीनिंग कर नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी।

साथ ही लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वितरण का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भव: के तहत 02 अक्टूबर 2023 को जिले के ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं का प्रचार.प्रसार और जानकारी दी जायेगी आयुष्मान भव: गतिविधियों के सफ ल संचालन हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर सौरभ कुमार एवं सीएमएचओ डॉ. केसरी ने जिले के नागरिकों से सभी सामुदायिक सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अंतर्गत लगने वाले स्वास्थ्य मेला में उपस्थित होकर विशेषज्ञों से स्वास्थ्य जांच कराने की अपील किया है। साथ ही आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों को मेले में भाग लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया है।

## एक नजर

# स्थानीय बेरोजगार को नौकरी नहीं मिलने पर 25 को रोंकेगे भारी वाहन

**कोरबा** । एसईसीएल में भू–अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले प्रभावित परिवार के बेरोजगार युवकों को वैकल्पिक रोजगार मांग ऊर्जाधानी भू.विस्थापित कल्याण समिति ने की है। गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिख कर समिति ने कहा है कि एसईसीएल प्रबंधन तथा सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों की बैठकों में सहमति बनाई गई थी खदान को विस्थापित एवं प्रत्यक्ष प्रभावित बेरोजगारों को योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, किंतु कंपनी में बाहर से लाए गए लोगों को नियोजित करके रखा गया है और वर्तमान में भी बाहरी लोगों की भर्ती किया जा रहा है।

इससे यहां के वास्तविक बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। समिति ने कहा कि स्थानीय भू–विस्थापित एवं प्रभावित बेरोजगारों को चालक, हेल्पर, सुपरवाइजर आदि पदों में भर्ती करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा संगठन द्वारा 25 सितंबर वाहनों को रोकने और खदान के कार्यों को बाधित करने के लिए विवश होगी। समिति ने कोयला खदान के प्रभावित भू– विस्थापितों को दिए जाने वाले ठेका कार्य के लिमिट को एक करोड़ से 20 करोड़ तक बढाने की मांग किया है। कोल इंडिया पालिसी 2012 लागू होने के बाद छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित कर दिया। संगठन ने आउट सोर्सिंग कंपनियों में भू. विस्थापित बेरोजगारों को प्राथमिकता के साथ ही कोल ट्रांसपोर्टेशन,सिविल, मेकेनिकल सहित संपूर्ण ठेका कार्यों में 20 प्रतिशत कोटा की मांग को लेकर संघर्ष किया। वर्तमान में एक वित्तीय वर्ष में एक फर्म को 20 लाख तक का कार्य दिया जाता है एवं पूरे कोटा में एक करोड़ तक लिमिट तय किया गया है। गेवरा, दीपका एकुसमुंडा परियोजना में रोजगार से वंचित होने वाले खातेदारों की संख्या बहुत ज्यादा अधिक है। इसलिए ठेका का कोटा बढ़ाया जाएगा।

# बसावट की मांग को लेकर मनगांव के पास भू विस्थापितों ने किया चक्काजाम

**कोरबा** । कुसमुंडा क्षेत्र से प्रभावित ग्राम भैसमाखार के भू विस्थापितों ने बसावट की मांग को लेकर मनगांव के पास कुसमुंडा गेवरा बाईपास रोड में चक्काजाम सुबह 10 बजे से शुरू कर दिया है। चक्काजाम को समर्थन करते हुए माकपा और किसान सभा के कार्यकर्ता भी भू विस्थापितों के साथ चक्काजाम में शामिल हुए।

यहां बताना होगा कि ग्राम भैसमाखार की जमीन अधिग्रहण के बाद से भू. विस्थापित परिवार बसावट और रोजगार के लिए भटक रहे हैं। एसईसीएल के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा से भी बसावट की मांग की गई पर भू विस्थापितों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। अब बसावट की मांग और गांव की पहचान को बचाने को लेकर भू विस्थापितों ने चक्काजाम किया। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि जिले के किसी भी बसावट में एसईसीएल ने बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई है और बसावट के नियमों का भी पालन एसईसीएल ने नहीं किया है। ग्राम भैसमाखार के भू. विस्थापितों को कुचैना के पास बसावट दिया गया है। बसावट गांव में गांव की पहचान और संस्कृति को जीवित रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए लेकिन गांव की पहचान को समाप्त करने की कोशिश एसईसीएल प्रबंधन कर रहा है। इससे गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है और गांव की पहचान भी समाप्त होने का खतरा मंडराने लगा है।

# डॉ शर्मा को आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली ने प्रदान किया सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट

### भारत के किसी भी राज्य में चिकित्सकीय सेवा प्रदान कर सकेंगे वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा

कोरबा । अंचल के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिसे चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के सदस्य, जमना फार्मास्यूटिकल्स भोपाल के सीनियर सेल्स ऑफिसर नेत्रनंदन साहु ने वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर उन्हें प्रदान किया।

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के विषय मे वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया की हमारे द्वारा स्वस्थ भारत समृद्ध भारत् अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ अपितु मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं अन्य राज्यों मे भी विजिटिंग डाक्टर के रुप मे चिकित्सकीय सेवा प्रदान कर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसके लिये अलग अलग राज्यों में चिकित्सकीय कर्म करने हेतु हमे सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिक्रेट की आवश्यकता हुई, जिसके माध्यम से हम सम्पूर्ण भारत के किसी भी राज्य में अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने हेतु पात्रता रख सकें।

# सारंगढ़ में आयोजित रोजगार पंजीयन शिविर में युवाओं की भारी भीड़





जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ.फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय एवं मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा सारंगढ के जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में युवाओं ने अपना रोजगार नवीन पंजीयन और नवीनीकरण कार्य के लिए आवेदन जमा किया। इन आवेदकों को आगामी सोमवार को उनके रोजगार पंजीयन प्रमाण का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। रोजगार शिविर में वायुसेना भोपाल के सार्जेंट द्वय राकेश कुमार, वीके सिंह और कार्पोल सोवन जेना द्वारा युवाओं का अग्निवीर भर्ती कैरियर मार्गदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर रोजगार कार्यालय के प्रभारी अधिकारी रामजीत राम, सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार उपस्थित थे।

# सुन लो सरकार! जर्जर स्थिति में शासकीय स्कूल तीन साल से गुरुजी बच्चों को अपने खर्च से किराए के कमरे में पढ़ा रहे

जोहार छत्तीसगढ़ – जशपुर।

जशपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्र झक्कड़पुर के शिक्षक तीन साल से मिसाल पेश कर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र में अशिक्षा के अंधकार को मिटाने के लिए सरकारी स्कुल का भवन जर्जर होने के बाद अपने निजी खर्च से किराए का मकान में अध्यापन करने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।





एक तरफ प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों, आश्रम स्कूलों, छात्रावासों के भवनों की मरम्मत और नए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए करोडो रुपया फंड आबंटित कर रही है वही पत्थलगांव विकासखंड से सटा झक्कड़पुर के जंगलपारा प्राथमिक शाळा भवन को जर्जर हालत में आये 5 साल होने को है लेकिन कोई इसकी सुध नहीं ले रहा यहा के शिक्षको नेभवन मरम्मत के लिए अधिकारियो से गुहार लगा लगा थक कर आखिरकार जब इस भवन का उपयोग करना खतरनाक हो गया है तो शिक्षको ने इस भवन का इस्तेमाल करना छोड़ अपने निजी पैसो से तीन साल से किराए का कमरा लेकर बच्चो को पढाते नजर आ रहे है।

पत्थलगांव विकासखंड से सटा झक्कड़पुर के जंगलपारा प्राथमिक शाळा भवन जर्जर स्थिति में है। स्कूल संचालित करने के लिए शिक्षको को किराए पर कमरा लेकर पढ़ना पड़ रहा है लेकिन किराए के कमरे में स्कूल संचालित तीन साल से ज्यादा का समय व्यतीत होने के बावजूद अब तक इस भवन का मरम्मत नहीं हो सका है ना पड़ा है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्कूल की स्थिति जस की तस है। छग में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का बजट भले ही करोड़ का है, लेकिन इसका उपयोग जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इसकी एक तस्वीर सामने आई है। जहां कई साल से छतिग्रस्त स्कूल होने के चलते पूरे के पूरे स्कूल को एक निजी कमरे को किराए से लेकर संचालित करने की नौबत आन पड़ी।

दरअसल, यह पूरा मामला पत्थलगांव विकासखंड से सटा झक्कड़पुर के जंगलपारा प्राथमिक शाळा भवन का है। जहां संचालित प्राथमिक शालातीन साल पहले ही पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया था, जिसको लेकर कई बार स्कूल के शिक्षकों द्वारा शिक्षा विभाग को पत्राचार के माध्यम से जानकारी दी गई।

*लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो स्कूल के शिक्षको ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पास के ही एक कमरे को किराए में लेकर कक्षाएं लगानी शुरू कर दी।बता दें, शासकीय प्राथमिक शाला भवन की न सिर्फ दीवारों में दरारें है, बल्कि उसके छज्जे का प्लास्टर गिरना शुरू हो गया है । हालांकि, स्कूल में बच्चों के लिए टेबल कुर्सी से लेकर सभी व्यवस्था मौजूद थी। लेकिन समय के साथ-साथ स्कूल जर्जर होता चला गया और बारिश में पूरे भवन में शीत आती है और पूरा भवन पानी से भर जाता है।*

# छत्तीसगढ़ जूनियर गर्ल्स फुटबाल टीम का धमाकेदार आगाज

## बीजापुर स्पोर्टस एकेड़मी की बिन्दु तेलम 05 गोल दागकर प्लेयर ऑफ-द मैच रही

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

ऑल इंडिया फुटबाल संघ द्वारा जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबाल चैम्पियनषिप 2023.24 का आयोजन उड़ीसा के भुवनेश्वर में 20 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में बीजापुर स्पोर्टस एकेड़मी से कुमारी बिन्दु तेलम, कुमारी जानकी कोरसा, कुमारी आरती एक्का एवं कुमारी सुजाता कोरम का चयन छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है।






छत्तीसगढ़ फ ुटबॉल एषोसिएषन द्वारा छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधत्व किये के लिए बीजापुर स्पोर्टस एकेड़मी के फुटबॉल कोच कुमारी ज्योति यादव एनआईएस सी लाईसेंसद्ध को नेषनल फ ुटबॉल टीम का हेड कोच का दायित्व सौंपा गया है। 20 सितम्बर को छत्तीसगढ़ टीम का पहला मैच हिमाचल प्रदेष के साथ हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने धमाकेदार आगाज करते हुए बीजापुर स्पोर्टस एकेड़मी की कुमारी बिन्दु तेलम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार 5 गोल दागे हैं। बिन्दु तेलम के प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ की टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम को 19.0 हराया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन से उन्हे प्लेयर ऑफद मैच के खिताब से सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ टीम का आगामी मैच 22 सितम्बर को तमिलनाडू से होना है। एकेड़मी के खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं कोच कु. ज्योति यादव के बेहतरीन कोचिंग के लिए बीजापुर जिले के कलेक्टर राजेन्द्र कटरा ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आगामी मैचों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर रविकुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर तथा दिलीप कुमार उईके, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी द्वारा पूरी टीम को शुभकामनाएं दी है।

## एक नजर

### कोंडागांव नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गायों की नीलामी से अंजान




**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला मुख्यालय में एक बड़ा मामला सामने आया है। गौ पालकों ने कोंडागांव के नगर पालिका परिषद पर गंभीर आरोप लगाया है। गौ पालकों के मुताबिक दो दिन पूर्व नगर पालिका द्वारा गायों को पकड़ा गया,फिर दो दिन के बाद ही उन्हें नीलाम कर दिया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने गौ रक्षा के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना गोठान में गायों के उचित प्रबंधन के लिए स्थानीय नगर निकाय को सख्त निर्देश दिए हैं,लेकिन कोंडागांव में जिस नगर पालिका पर जिम्मेदारी थी,लेकिन गौ पालकों के आरोप से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पशु पालकों का कहना है कि दो दिन पूर्व ही पकड़े हमारे मवेशी को कैसे नीलाम कर दिया गया,अब दर दर अपने पशु को घर लाने के लिए हम भटक रहे हैं। इस मामले में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि इस सम्पूर्ण मामले से वे अनभिज्ञ हैं। मामले की जांच कराई जाएगी। दोषियों पर कड़ी कडी कार्यवाही कि जायगी भले नगर पालिका के कर्मचारी ही क्यो न हो जांच अधिकारी गठित करके मैं स्वयं साथ मे जाऊगी

#### कलेक्टर की पहल सराहनीय

आप को बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने नेशनल हाइवे पर दुर्घटना में शिकार हो रहे आवारा पशुओं को नगर पालिका परिषद के गौठान में रखने के निर्देश दिए थे। साथ ही नियमों के तहत उनकी नीलामी भी करनी थी। मगर हैरानी की बात तब सामने आई कि जब दो दिन पहले पकड़ कर लाये मवेशियों को नीलाम कर दिया गया।

**कर्मचारियों का अभद्र व्यवहार**

*अब ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष व जिम्मेदार अधिकारी पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर दो दिन पहले पकड़े गए पशु की कैसे नीलामी की जा सकती है। गौ मालिकों ने एक दिन पूर्व लाए अपने गाय एवं बैलों के बारे मे पूछा तो उन्हें नगरपालिका के कर्मचारियों एवं गोठान कर्मियों के अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ा। मवेशी मालिकों को अपने मवेशी छुड़ा कर ले जाने की रसीद तक प्रदान नहीं की जाती है। रसीद या मवेशियों की जानकारी मांगने पर मवेशी मालिकों को धमकाया जाता है। इस मामले में पता चला कि कई गायों के कानों में टैग लगा हुआ है,उसके बाद भी मालिक को सूचना देना आवश्यक नहीं समझा गया।*

### सच्चा पुत्र वही जो अपने पितरों को नर्कवासी होने से रोके - देवकीनंदन महाराज

**कोरबा** । पितृगण शरीर छोड़ने के पहले अपने पुत्र से आशा करते हैं कि अपने कुल पवित्र रखें। सच्चा पुत्र वही होता है जो अपने पितरो को नर्क का वासी होने से रोके। इसी के लिए हमें शास्त्रों का ज्ञान होना ज़रूरी है। यह बात कटघोरा के गोकुलधाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान पंडित देवकीनंदन महाराज ने कही। चतुर्थ दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को मीठे रस से भरीयो रीए राधा रानी लागे भजन का श्रवण कराया। उन्होने कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाना सनातनी का सर्वप्रथम धर्म होना चाहिए। सूर्य देवता के नाराज होने से शरीर में तमाम रोग लग जाते हैं। सभी मनुष्य को सुबह-सुबह सूर्य देव को एक लोटा जल अवश्य चढ़ाना चाहिए। जिससे मनुष्य का जीवन कल्याण की ओर जाएगा। श्राद्ध पक्ष में अगर हम ब्राह्मण को भोजन कराये तो उनको एक दिन पहले निमंत्रण देना चाहिए और ब्राह्मण देव को श्राद्ध भोजन से एक दिन पहले से उपवास करना चाहिए एवं जो ब्राह्मण गायत्री मंत्र का जाप करता हो उसे ही श्राद्ध का भोजन करना चाहिए।

### शिवाजी नगर में धूमधाम से मनाया गया हरितालिका व्रत, पूरी रात भोलेनाथ की हुई आराधना

**कोरबा** । शवाजी नगर श्री शक्ति माता मंदिर शिवाजी नगर कोरबा में सोमवार को धूमधाम से हरतालिका तीज पर्व मनाया गया जहां कॉलोनी की सैकड़ो माता एवं बहनों ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कि इसके उपरांत व्रत धारण करने वाली माता बहनों ने मंदिर परिसर में पूरी रात भजन कीर्तन के माध्यम से भगवान भोलेनाथ की आराधना की जिसके उपरांत सुबह लगभग 5.00 बजे भगवान भोलेनाथ शिवलिंग का विसर्जन कर विधि विधान पूर्वक व्रत का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री शक्ति माता मंदिर समिति द्वारा पहले से ही सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी सभी माता बहनों ने पूरी रात भगवान भोलेनाथ की आराधना की। पूरे प्रदेश और देश के लोगों के लिए बेहतर खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

# प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता शिक्षा भूषण अवार्ड से हुए सम्मानित

**कोरबा** । शिक्षा कोई मंजिल नहीं है यह एक शाश्वत यात्रा है शिक्षा या ज्ञान के बिना जीवन निरर्थक है। जिसने शिक्षा के महत्व को जाना और समझा उसने निश्चित ही समाज और राष्ट्र का नाम रोशन किया है। ज्ञान वह अमूल्य खजाना है जिसे कोई चुरा नहीं सकता और इसे जितना अधिक बांटा जाएगा उतना ही अधिकयह बढ़ जाता है। इन सभी बातों को अक्षरशरू सत्य साबित करते हुए इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉण् संजय गुप्ता ने शिक्षा के क्षेत्र में और नवाचारों का उपयोग कर रोचक शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई और अद्वितीय योगदान दिया। उन्हें शिक्षा भूषण पुरस्कार से सीई डी इंडिया फाउंडेशन के द्वारा होटल रेडिसन उद्योग विहार गुडग़ांव में विभिन्न नामचीन हस्तियों की मौजूदगी में एक गरिमामायी सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

यह उपलब्धि न सिर्फ विद्यालय के लिए बल्कि समस्त कोयलांचल हेतु गौरवशाली है। शिक्षा भूषण पुरस्कार में आमंत्रित शिक्षाविदों के मध्य एनसीएफ इंप्लीमेंटेशन फॉर ऑल सस्टेनेबल फ्यूचर थीम पर विचार विमर्श किया गया । डॉक्टर संजय गुप्ता प्राचार्य इंडस पब्लिक स्कूल ने एन सीएफइंप्लीमेंटेशन फॉर ऑल सस्टेनेबल फ्यूचर थीम पर अपने प्रेरक विचार विभिन्न नामचीन शिक्षाविदों के मध्य व्यक्त किया। एनसीएफ पर शिक्षा से संबंधित उनके विचार सुनकर सभी प्रसन्नचित होकर निरंतर करतल ध्वनि करते रहे। उनके नवाचारों से परिपूर्ण शिक्षा व शिक्षक से संबंधित विचारों का सबने एक स्वर में समर्थन किया।

# ओपी चौधरी ने यूपीएससी की गड़बड़ी उजागर करते हुए सीबीआई जांच की मांग की

*प्रेस वार्ता में ओपी ने उजागर की CGPSC की एक और गड़बड़ी! सरकार से की CBI जांच की मांग*

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।




राजधानी में आयोजित प्रेस वार्ता में बीजेपी नेता एवम प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने एक बार फिर CGPSC की कार्यप्रणाली को संदेह के कटघरे में खड़े करते हूं सवाल उठाया है। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने CGPSC की नई गड़बड़ी का खुलासा करते हुए सूबे के मुखिया भूपेश बघेल से मामले की निष्पक्ष जांच हेतु CBI जांच की मांग दोहराई है । प्रेस कांफ्रेंस में ओपी चौधरी ने कहा कि पहले भी पीएससी में बहुत सी धांधलियां उजागर हो चुकी है। इस बार की पीएससी के मुख्य परीक्षा में शहीद हनुमान सिंह के बारे में सवाल पूछा गया, लेकिन अभ्यर्थी ने शहीद वीर नारायण सिंह के बारे में जवाब लिखा। गलत जवाब के बावजूद नंबर दे दिया गया । ओपी ने कहा ऐसे और भी प्रश्न है जिनके गलत जवाब देने वालों को नंबर दिया गया है।गणित के एक सवाल में गलत उत्तर वाले को 4 में से 4 नंबर दिया गया है । वहीं सही उत्तर लिखने वाले को 4 में 3 अंक दिया गया है । ओपी ने इसमें सरकार के चहेतों को चयनित कराने की आशंका जाहिर की । उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस पूरी गड़बड़ी की सीबीआई से जांच करने की मांग की है। यह बताना लाजमी होगा कि छत्तीसगढ़ पीएससी रिजल्ट को लेकर भाजपा से ओपी चौधरी बतौर विपक्ष लगातार सवाल खड़े कर रहे है, इसके पहले भी ओपी ने पीएससी की सीट पर बोली लगाने का आरोप लगाया था। ओपी ने कहा ग्रामीणों में निवास रत माता पिता अपने जमीन जेवर गिरवी रख कर बच्चो को यू पी एस सी की तैयारी हेतु शहर भेजते है । ऐसे यूवाओ का सुनहरा भविष्य दांव पर लगाने वाली सरकार को जनता माफ नही करेगी। ओपी चौधरी ने उत्तरपुस्तिकाओं के जांच में निर्धारित मापदंडों का उल्लघंन का आरोप मढ़ते हुए पारदर्शिता का अभाव बताया। मामले को लेकर हाई कोर्ट में दायर याचिका का भी जिक्र करते हुए कहा मामले को हाई कोर्ट ने संज्ञान में लेते हुए नोटिस जारी किया है ।

# विश्व प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट त्र्यंबक शर्मा ने चाइल्ड आर्टिस्ट कृतिका से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




विश्व प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट त्र्यंबक शर्मा चक्रधर समारोह में हिस्सा लेने रायगढ़ में दो दिवसीय प्रवास में आए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने फाइन आर्ट्स की बाल प्रतिभा चाइल्ड आर्टिस्ट कृतिका कुमार से मुलाकात की। कृतिका, ओपी जिंदल स्कूल में कक्षा छठवीं की छात्रा है। कृतिका बहुत खुश हुई और उसने अपनी विविध कलात्मक रचनाएं जैसे कि ड्राइंगए पेंटिग और स्कैच्स, त्र्यंबक शर्मा को प्रदर्शित की। कृतिका की इस उम्र में इतनी गहरी समझ, कला की परिपक्वता और विषय की गहराई को देखकर त्र्यंबक शर्मा अत्यधिक प्रभावित हुए। उन्होंने कृतिका को अपनी कला में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और उसे आशीर्वाद दिया। त्र्यंबक शर्मा का मानना है कि ऐसी प्रतिभाओं को समर्थन और प्रोत्साहन मिलना चाहिए ताकि वे अपनी कला में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें।

*चाइल्ड आर्टिस्ट कृतिका कुमार को उत्साहवर्धन के लिए त्र्यंबक शर्मा ने अपनी प्रसिद्ध कार्टून पत्रिका . कार्टून वाच भेंट की। दिव्या रुसेन कुमार की सुपुत्री कृतिका कुमार बहुत छोटी थी तब से उसकी रुचि आर्ट के प्रति रुचि है। उसकी बड़ी बहन ख्याति शास्त्रीय संगीत की साधिका है।*

# स्वच्छता ही सेवा, सफाई कामगारों को दिया गया सुरक्षा उपकरणों के प्रशिक्षण

## स्वच्छता के साथ कर्मचारियों की सुरक्षा भी आवश्यक, सफाई कर्मचारियों को सिखाये गए सुरक्षा के उपाय

**कोरबा** । स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का नगर निगम कोरबा आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया जिसमें वर्ल्ड विजन इंडिया(न्छप्ब्म्थ्) से आए हुए पदाधिकारी श्रीमती निधि सेन के द्वारा सफाई मित्रों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपकरण के उपयोग किए जाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिसमें समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। दिनांक 20 सितंबर 2023 को वार्ड क्रमांक 21 स्थान सियान सदन मे विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाना है, जिसमें सफाई मित्रों स्वच्छता दीदीयों एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना है दिनांक 21 सितंबर 2023 को इंदिरा स्टेडियम में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा उसके बाद बाकीमोंगरा में भी अभियान चलाया जाएगा एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में भी उनको अवगत कराया जाएगा आज के इस कार्यक्रम में कुल 56 सफाई मित्रों द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। इसके साथ ही साथ सफाई मित्रों को वीडियो के माध्यम से इससे होने वाली लाभ एवं हानि के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सफाई के कीट उपकरण के प्रयोग करने के तरीके भी बतलाया गया।

# परिवर्तन यात्रा पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्बा की दहाड़

## डॉ. जगजीवन खरे परिवर्तन यात्रा में पहुंचे अतिथियों का फूल माला से किया स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



**भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा में एक स्वर में बदलबो छत्तीसगढ़ की गूंज**

भाई और भ्रष्टाचार की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर असम के आए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्बा नवागढ़ की पावन भूमि पर पहुंचे आम नागरिकों को संबोधित करते हुए परिवर्तन यात्रा के माध्यम से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर लाएं और विकास की पथ पर अग्रसर होने की बात कही आज सभी जगह भय और भ्रष्टाचार से त्रस्त छत्तीसगढ़ की जनता को झूठे वादे कर कांग्रेस पार्टी सत्ता में तो आई किंतु शराब बंदी जैसे बड़ी-बड़ी जो घोषणाएं किए हैं जिसमें एक भी घोषणाएं पर अपना अमल नहीं कर पाया और छत्तीसगढ़ की जनता को बेवकूफ समझ कर उनके वोट विश्वास के साथ में खिलवाड़ करने का कार्य कांग्रेस पार्टी की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा ने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधते हुए हेमंत बिस्वा ने चुनौती दी है कि अगर खुद को हिंदू कहते हो और समझते हो, तो एक बार सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अयोध्या के राम मंदिर ले जाके दिखाओ। सभा को संबोधित करते हुए नवागढ़ की जनता से अपील किया की इस वर्ष पुनः भारतीय जनता पार्टी की कमल खिलाकर पूरी तरह एतिहासिक जीत दिलायेंगे कह अपील की। उनके साथ धर्मजीत सिंह, केदार कश्यप, शिवरत्न शर्मा, डॉक्टर जगजीवन खरे समेत बीजेपी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# लचर स्वास्थ्य व्यवस्था व निगम प्रशासन की अकर्मण्यता से जिंदगी की जंग हारने लगे लोग...ओपी

## ओपी का आरोप मानवता को ताक पर रख धन उलीचने में लगी सूबे की सरकार

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

**कूड़े के ढेर में बैठा है इन दिनों रायगढ़ शहर। घातक बिमारी डेंगू इन दिनों सर्वत्र पैर पसार चुका । रोग की चपेट में आकर तीन युवा असमय काल के ग्रास में समा चुके। अपनी जिम्मेदारियों से विमुख निगम की सरकार का अमानवीय चेहरा उजागर हो चुका है।**



**जिम्मेदारी से मुंह मोड़ जीत के जश्न में डूबी शहर सरकार**

आशंका यह है कि समय रहते महामारी को वश मे नही किया गया तो इस शहर में कभी भी मौत का नंगा नाच देखा जा सकता है। यह कहना है यूथ आइकॉन,भारतीय जनता पार्टी के उर्जावान युवा नेता ओपी चौधरी का। रायगढ़ में सर्वत्र पसरी गंदगी और डेंगू के भयावह प्रकोप को देखते हुए श्री चौधरी ने अपने वक्तव्य में जिम्मेदार प्रशासन के प्रति गहन आक्रोश का इजहार किया है। महिला बाल विकास अधिकारी दीपक डनसेना चिकित्सा पेशे से जुड़े राम नारायण पटेल एवं शहर के युवा सूरज बेरीवाल की डेंगू की वजह से मौत पर दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा नेता ने शहर सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा अविश्वास प्रस्ताव के जीत के जश्न में डूबी शहर सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोडे बैठी है। डेंगू की वजह से हर दिन शहर का कोई न कोई युवा जिंदगी की जंग हार रहा है। ओपी ने आरोप लगाते हुए कहा ठेके पर चल रही सफाई व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है। सत्ता धारी दल से जुड़े पार्षद साफ सफाई का काम ठेके लेकर केवल कागजों में काम कर रहे यही वजह है चारो ओर गंदगी का ढेर लगा हुआ है। इस वजह से डेंगू आसानी से पैर पसार रहा है । शहर सरकार की अकर्मण्यता की कीमत शहरवासी जान दे कर चुका रहे है। दवा का कागजी छिड़काव डेंगू महामारी से निजात नही दिला सकता। सरकार बचाने के नाम पर स्थानीय विधायक सहित महापौर पार्षदों के साथ फोटो खिंचाने में व्यस्त है। कांग्रेस की आपसी खींचतान की वजह से निगम में कामकाज ठप्प है। जिला प्रशासन तत्काल सफाई के तमाम ठेके निरस्त कर सफाई व्यवस्था अपने हाथो मे लेवे साथ ही दवा का नियमित छिड़काव व्यवस्था की मानीटरिंग भी करे ।ताकि जानलेवा हो रहे डेंगू से आम जनता के जीवन की रक्षा की जा सके। डेंगू वाले क्षेत्र चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए एवम डेंगू की जांच हेतु कैंप लगा डेंगू के मरीजों को चिन्हित करे जिससे समय पर इलाज मुहैया कराया जा सके। भाजपा के कार्यकाल का स्मरण कराते हुए ओपी ने कहा भाजपा कार्यकाल के दौरान भाजपा के नेता समेत कार्यकर्ता कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ सफाई की कमान अपने हाथों में ली थी और समय रहते डेंगू पर काबू भी पा लिया गया था। श्री चौधरी ने कड़े शब्दो में चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस के सुस्त जन प्रतिनिधि और उदासीन जिला प्रशासन जनता के संयम की परीक्षा न ले जिस दिन धैर्य का बांध टूट गया उस दिन उपजने वाला जनाक्रोश समूची व्यवस्था को बहा ले जाने के लिए काफी होगा ।

**अबकी बार धनबल से जनबल की लड़ाई, मंत्री ने भ्रष्टाचार कर अरबो खरबो की संपत्ति बनाई**

# कांग्रेस कार्यालय से थोड़ी दूर में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय

## बेईमान के पैसे में बेईमानी करने में पाप नहीं लगता, इस बार आप 50 हजार से 1 लाख मांगे- लखन लाल देवांगन

जोहार छत्तीसगढ़–छत्तीसगढ़–कोरबा।




छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही माह दिन शेष हैं ऐसे में राजनीतिक पारा भी चढ़ता जा रहा है 5 साल से सो, नेता जनता का हितैषी बताते हुए अपने प्रतिद्वंदियों पर निशाना साधने लगे हैं, मंगलवार को कोरबा विधानसभा चुनाव के संचालन के लिए भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय से लगभग 100 मीटर की दूरी में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया है, इस दौरान भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा द्वारा कांग्रेस कार्यालय से थोड़ी दूर में भाजपा का चुनावी कार्यालय खोलने से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि भाजपा इस बार कोरबा विधानसभा में परिवर्तन के मूड में है और 15 साल के कांग्रेस के रिकॉर्ड को तोड़ने में कोई कसर नहीं लगाएगी। लेकिन यह भी सत्य है कि कोरबा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का मैनेजमेंट फंडा बहुत तगड़ा रहता है जिसे भेद पाना लोहे की कील चबाने जैसा है, लेकिन यह भी सत्य है कि असंभव भी कुछ नहीं है क्योंकि इस बार प्रदेश स्तर पर जिस प्रकार के समीकरण बन रहे हैं और बीजेपी में अगर गुट बाजी नहीं हुई तो कोरबा विधानसभा से पहली बार भाजपा का विधायक बनाने में सफलता लग सकती है। बता दे भाजपा ने कोरबा विधानसभा से लखन लाल देवांगन को प्रत्याशी घोषित कर दिया है जबकि बाकी तीन विधानसभाओ में अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई हैए वही कांग्रेस द्वारा कोरबा जिले के चारों विधानसभाओं के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई हैए लेकिन माना जा रहा है कि अगर कोरबा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी को जीत हासिल करनी है तो जयसिंह अग्रवाल को पुनः कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी कोरबा विधानसभा से बनाएगी। क्योंकि इनके समर्थकों का मानना है कि कोरबा में जयसिंह मतलब कांग्रेस। आज चुनावी कार्यालय उद्घाटन के दौरान कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने मीडिया में बयान देते हुए कहा कि कोरबा विधानसभा से इस बार बीजेपी जीतेगी। इस बार की लड़ाई धनबल से जनबल की लड़ाई है। इस बार एक महल में रहने वाले और एक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले की लड़ाई है, अगर हमारी सरकार बनती है और कोरबा की जनता का आशीर्वाद मुझे मिलता है तो मै खोज खोज कर हर गरीब को पट्टा दिलाने के लिए प्रयास करूंगा, कांग्रेस के लोग 15 साल से चिल्ला रहे हैं कि हम पट्टा देंगे पट्टा देंगे हमारे द्वारा पट्टा के लिए आंदोलन करने पर कांग्रेस द्वारा बयान जारी किया गया था कि पट्टा बन गया है अगर पट्टा बन गया है तो क्यों नहीं दिया जा रहा है हमने कब मना किया है की पट्टा मत दो हम तो बोल रहे हैं पट्टा तुरंत दो, लेकिन वह पट्टा नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने आगे कांग्रेस के लोगों खासकर छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री व कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल पर निशाना साधते हुए कड़ा प्रहार किया है, भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री के पास अचानक इतना पैसा कहां से आया यह भ्रष्टाचार से कमाया हुआ पैसा है, कोयला, शराब, चावल और डीएमएफफंड में दलाली कर कमाया हुआ पैसा है, कोरबा नगर निगम में गुणवत्ता विहीन सड़कों का निर्माण इस तरह से विधायक जी की संपत्ति अरबों. खरबों में कैसे बढ़ी यह जनता को बताना पड़ेगा। लखन लाल देवांगन ने जनता से अपील करते हुए इशारा किया कि इस बार चुनाव में पैसा और सामान मिलता है तो रख लो यह आपका पैसा है बेईमान के साथ बेईमानी करने में पाप नहीं लगता है, लखन ने कोरबा विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने बंगले पर लोगों को बुलाते हैं नाश्ता करते हैं साड़ी बंटते हैं और चुनाव के समय 500 व 1000 धनबल बंटते हैं मैं तो जनता से अपील करता हूं बेईमान से बेईमानी करने में पाप नहीं लगता है आप इस बार 50 हजार से 1 लाख मांगी क्योंकि वह आपका पैसा है आपका कमाया हुआ पैसा है, 15 साल पहले उनके पास कितनी संपत्ति थी और आज कितनी है यह पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार से कमाया हुआ पैसा है। लखन ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग वैसे तो जमीन दलाली में माहिर हैं खुद मंत्री जी जमीन की अफरा-तफरी करते हैं, अभी जो ईडी द्वारा फाइल उठा कर ले जाया गया है उसमें सुनने में आता है कि मंत्री ने अपने कई चाहतो के नाम पर प्लाट खरीद कर मुआवजा उठाने में लगे हुए हैं।

## एक नजर

### खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य टीम द्वारा बालक छात्रावास के सभी छात्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

सभी स्वास्थ्य छात्रों की स्थिति सामान्य, किया गया डिस्चार्ज

**कोण्डागांव।** कार्यालय सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार विगत दिनों जिला कोण्डागांव अंतर्गत संचालित अजजा पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास कोण्डागांव एवं अजजा पोस्ट मट्रिक विज्ञान बालक छात्रावास कोण्डागांव में निवासरत कक्षा ग्यारहवीं के 04 नवीन प्रवेशित छात्रों को अचानक बुखार होने के कारण स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था अब सभी की स्थिति सामान्य हो चुकी है एवं उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। इसके साथ ही कुछ अन्य छात्रों को वायरल फ्लू के लक्षण होने से स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अधीक्षक द्वारा ले जाया गया था। जिसके उपरांत सभी की मलेरिया एवं अन्य जांच करायी गयी। जहां मलेरिया एवं अन्य जांच में सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव पायी गयी है एवं डॉक्टरों द्वारा सभी का गहन स्वास्थ्य परीक्षण कर समान्य मौसमी वायरल फ्लू होने के कारण दवाईयां देकर उपचार किया जा गया है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी कोण्डागांव सहित स्वास्थ्य टीम द्वारा छात्रावास के सभी छात्रों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास कोण्डागांव द्वारा लगातार मानिटरिंग भी की जा रही है।

### तहसील कार्यालय मर्दापाल के भृत्य को किया गया निलंबित

आपदा राहत स्वीकृत कराने के एवज में अवैध रूप से वसूली की शिकायत पर हुई कार्यवाही

**कोण्डागांव।** विगत दिनों कलेक्टर दीपक सोनी को प्राकृतिक आपदा राहत स्वीकृत कराने के एवज में अवैध रूप से वसूली की जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर द्वारा त्वरित जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव के द्वारा जांच की गयी। जांच में प्रथम दृष्टया तहसील कार्यालय मर्दापाल के भृत्य दिलीप कोर्राम को दोषी पाया गया है। जिस पर उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है साथ ही उनके विरूद्ध नियमानुसार विभागीय जांच भी संस्थित की गयी है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र केशकाल में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### कृषि उद्यानिकी कार्यों में नवीनतम तकनीकी एग्रड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के सहयोग से बस्तर जिले के कृषकों को कृषि उद्यानिकी कार्यों में नवीनतम तकनीकी एग्रड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण उद्यानिकी विभाग के माध्यम से केटालिस्ट फाउंडेशन रायपुर द्वारा दिया जा रहा है। अभी तक 180 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। 60 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण शासकीय उद्यान रोपणी आसना में दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 60 प्रशिक्षणार्थियों को और प्रशिक्षण दिया जाना है। बस्तर जिले के इच्छुक ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कम से कम 10वीं व 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण हो, एक माह (200 घंटे) नियमित रूप से उपस्थित होने हेतु तैयार हो, उद्यानिकी की खेती करते हो अथवा उद्यानिकी के क्षेत्र में रूचि रखते हो वह कार्यालय उप संचालक उद्यान जगदलपुर से आवेदन प्राप्त कर आगामी बैच के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### डाक विभाग द्वारा किया गया डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम

**कोंडागांव।** भारतीय डाक विभाग भारत सरकार द्वारा 20 सितम्बर गुरुवार उप डाकघर कोंडागांव में डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमंडल माननीया वीना आर श्रीनिवास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा, वर्षा यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, बालिका गृह प्रमुख मणि शर्मा, डाक अभिकर्ता श्रीमती संध्या आचार्या मंचासीन रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। ततपश्चात अतिथियों का पौधे भेट कर स्वागत किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने डाकघर में उपलब्ध सेवाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी जिसमे, डाकघर बचत बैंक, महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ, आवर्ती जमा, मासिक इनकम स्कीम, टाइम डिपॉजिट, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा डाकघर में उपलब्ध आधार पंजीयन व अद्यतन, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में उपलब्ध सुविधा जिसमें खाता खोलना आधार से रकम निकासी इत्यादि सेवाओं पर जानकारी दी गई।

## रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं किया जा रहा है जागरूक

कासौली, चितालूर, बालूद ग्रामों में चलाया गया स्वीप कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा** । भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार तथा स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों कासौली, चितालूर, बालूद ग्रामें में सुपोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया है। इसके साथ ही इन ग्रामों के स्कूलों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के लिए रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि विधान सभा निर्वाचन में ज्यादा से ज्यादा मतदान का प्रतिशत वृद्धि करने के उद्देश्य से हर गांव और पारा टोला में स्वीप कार्यक्रम जोर शोर से चलाया जा रहा है। साथ ही सभी नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता के तहत डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज किरंदुल नगर निकाय में 15 टीम के द्वारा सभी के घर जा जाकर सर्वे कर हस्ताक्षर अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम चलाया गया।

## स्कूल में करंट के बीच पढ़ते बच्चे, अधिकारी बेखबर

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में पिछले एक हफ्ते से करंट आने का मामला सामने आया है। जिसमें स्कूल प्रबंधन के द्वारा बिजली व्यवस्था की मरम्मत कराने के बावजूद समस्या बनी हुई है और इन सब के बीच बच्चों को उसी स्कूल में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।




ऐसे में स्कूल में दौड़ती विद्युत करंट के साए में बच्चों की पढ़ाई बड़ी घटना का सबब बन सकती है। यह सेंसेटिव मामला धरमजयगढ़ के बेहरापारा प्राइमरी स्कूल का है। जहां के स्कूल भवन की दीवारों और खिड़कियों पर बीते करीब एक सप्ताह से करंट आ रहा है। स्कूल के स्टाफ ने इस मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दे दी है।

### क्या कहते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी

*इस मामले में जब फोन के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरमजयगढ़ रविशंकर सारथी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस मामले के बारे में मुझे कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। स्कूल स्टाफ के द्वारा जानकारी नहीं दिया जाना उनकी लापरवाही है। बीईओ ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करने की बात कही।*



## पार्षद गगनदीप व पवन की कांग्रेस पार्टी से निलंबन समाप्त, समर्थकों में हर्ष व्याप्त

विधानसभा चुनाव में मेहनत कर भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाएंग–गगनदीप सिंह कोमल

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



बीते कुछ दिनों पहले नगर पंचायत धरमजयगढ़ में भाजपा के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिसमें पार्षद गगनदीप सिंह कोमल और पवन अग्रवाल के ऊपर पार्टी गतिविधियों के खिलाफ जाकर कार्य करने का आरोप लगाया गया था।

जिसमें दोनों पार्षदों को कांग्रेस पार्टी से कुछ समय के लिए निलंबन कर दिया गया था। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास शर्मा ने पत्र जारी कर दोनों पार्षदों को पार्टी में निलंबन वापसी करते हुए वापस ले लिया है। निलंबन वापसी के बाद उनके समर्थकों में काफी हर्ष व्याप्त है। वहीं गगनदीप कोमल ने बताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सब मिलकर के कांग्रेस का हाथ मजबूत करेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में लालजीत सिंह राठिया को भारी बहुमत से विजयी बनाते हुए पुनः छत्तीसगढ़ राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

## जनसंपर्क के माध्यम से भूपेश सरकार की योजनाओं को चौलेश्वर चंद्राकर घर-घर पहुंचा रहे

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।





छत्तीसगढ़ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष एवं जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रबल दावेदार डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर राज्य सरकार की योजनाओं को जनसंपर्क के माध्यम से घर-घर पहुंचा कर सरकार की कार्यों की प्रचार पसार कर रहे है मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी डॉ. चौलेश्वार चंद्राकर हसौद के ग्राम धमनी में जनसंपर्क पश्चात सभा के माध्यम से भूपेश सरकार के द्वारा राज्य में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी सभा में उपस्थित जनसमुदाय को जानकारी देते कहा की प्रदेश के यशस्वी एवं किसान हितैषी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार इन साढ़े चार वर्षो में किसान,मजदूर,की हित में बहुत कार्य किए चुनाव से पूर्व जनता से किए अधिकतर वादा पूर्ण की एव आने वाले समय में 2800 समर्थन मूल्य में धान खरीदी व किसानों की धान प्रति एकड़ 20 किवटल खरीदी करने की घोषणा कर चुके है वही सभी की पेंशन में 150, की बढ़ोतरी किए भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में राज्य ने चौमुखी विकास की है किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है उन्होंने कहा जैजैपुर में विगत 10 वर्षो से क्षेत्र में विकास की गति रुक गई है क्षेत्र की बजाय यहा की विधायक की विकास हुआ है डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर ने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा जैजैपुर की विकास के लिए कांग्रेस को वोट कर कांग्रेस की सरकार बनाए उक्त कार्यक्रम में डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर के साथ राइस किंग खुटे सुरेंद्र भार्गव विजय चंद्रा सूरज यादव शत्रुहन चंद्रा फ ुलदास महंत सतीश महेश संजय कोसले संतोष साहू पवन मानिकपुरी प्रेमदास लंबोदर महंत सहित बड़ी संख्या ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in